# टीएनएफ टुडे

TNF TODAY

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | पृष्ठ- 10 | वर्ष-01 अंक-38 | मूल्य ₹7 | गुरूवार | दिनांक- 06.08.2026


मुख्यमंत्री से मिलीं बाह की विधायक... (पेज-3)

## शिव परिक्रमाः भोले भक्तों पर पुष्प वर्षा करेगा आगरा नगर निगम

### - योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम सुविधाएं देने में जुटा प्रशासन




- परिक्रमा मार्ग पर शीतल पेयजल, विश्राम पंडाल और मोबाइल टॉयलेट की होगी विशेष व्यवस्था
- हादसों से बचाव और सुरक्षा के मद्देनजर यमुना घाटों पर कराई जाएगी मजबूत बैरिकेडिंग

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सावन के दूसरे सोमवार को शहर के प्रमुख शिवालयों से निकलने वाली विशाल शिव परिक्रमा की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की मंशानुरूप धार्मिक आयोजनों को सुरक्षित, स्वच्छ और भव्य बनाने के लिए आगरा नगर निगम प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। इस बार नगर निगम द्वारा परिक्रमा में शामिल होने वाले भोले के भक्तों/परिक्रमार्थी का विशेष रूप से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा।

### पेयजल, विश्राम पंडाल और मोबाइल टॉयलेट की रहेगी व्यवस्था

नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए जगह- जगह शीतल पेयजल, थकान दूर करने के लिए अस्थायी विश्राम पंडाल और पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराए जाएं। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिरों के आसपास के यमुना घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग कराई जाएगी, ताकि किसी भी दुर्घटना की आशंका न रहे।

### जीरो वेस्ट होगा पूरा आयोजन

योगी सरकार के 'स्वच्छ भारत' विजन के तहत इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। परिक्रमा मार्ग और मेला क्षेत्रों में प्रतिबंधित पॉलीथीन और प्लास्टिक के गिलासों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। भंडारा संचालकों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रसाद वितरण के बाद कूड़े का तत्काल निस्तारण हो सके। परिक्रमा से 24 घंटे पहले पूरे मार्ग की विशेष सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और सड़क का पैचवर्क पूरा करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने कहा कि सावन माह के दूसरे सोमवार को जनपद में होने वाली शिव परिक्रमा करोड़ों लोगों की गहरी आस्था से जुड़ा एक महान आयोजन है। सरकार की मंशा के अनुसार आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग पुलिस प्रशासन के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि नगर निगम की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता की हों।

## पीएम मोदी की पोस्ट हटाने पर जुकरबर्ग ने माफी मांगी

**नई दिल्ली।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने बुधवार को पीएम मोदी का फेसबुक पोस्ट हटाए जाने के मामले में भारत सरकार से माफी मांगी है। यह जानकारी सरकारी सूत्रों के हवाले से दी है। कंपनी ने यह भी माना कि उसके प्लेटफॉर्म पर चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मैटेरियल, डीपफेक और कंटेंट मॉडरेशन से जुड़ी चूक हुई हैं। आईटी की ग्लोबल टीम ने कंपनी के ग्लोबल अफेयर्स चीफ जोएल कैपलन के नेतृत्व में केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और आईटी सचिव एस. कृष्णन से मुलाकात की। यह बैठक पिछले महीने पीएम मोदी का फेसबुक पोस्ट हटने के बाद सरकार की ओर से भेजे गए समन के बाद हुई। दरअसल, सरकार पीएम मोदी का वीडियो फेसबुक से हटाने से भी नाराज थी। मोदी ने 23 जुलाई को यह वीडियो पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने पेपर लीक को बड़ी समस्या बताया था। उन्होंने ऐसे मामलों की जल्द सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की भी बात कही थी। यह वीडियो कुछ समय के लिए फेसबुक से हटा दिया गया था। बाद में मेटा ने इसे फिर से फेसबुक पर डाल दिया।

## राजधानियों में 'माननीय', राम भरोसे आगराः आपदा और भ्रष्टाचार का डबल अटैक

विशेष संवाददाता

आगरा इन दिनों एक अजीब से विरोधाभास में जी रहा है। एक तरफ विकास के करोड़ों के आंकड़े कागजों पर तैर रहे हैं, तो दूसरी तरफ शहर की आधी आबादी सचमुच के पानी में तैरने को मजबूर है। दो दिन की बारिश ने यह साबित कर दिया है कि ताजनगरी में आम आदमी का जीवन कितना सस्ता और प्रशासनिक संवेदनशीलता कितनी महंगी हो चुकी है।

शहर के वीआईपी इलाकों से लेकर दूर-दराज के देहाती क्षेत्रों तक, हर जगह सिर्फ पानी और प्रशासनिक नाकामी का मंजर है। नगर निगम, विकास प्राधिकरण और छावनी बोर्ड के बीच जो 'सीमा विवाद' चलता है, उसने जनता का जीना दूभर कर दिया है। जब टैक्स वसूलना हो, तो ये विभाग बाहें फैलाकर आगे आते हैं। व्यावसायिक टैक्स, गृह कर, जल कर—हर चीज की वसूली कड़ाई से होती है। लेकिन जब नालों की सिल्ट सफाई और जलभराव रोकने की बात आती है, तो फाइलें एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर चक्कर काटने लगती हैं। यह सीधे तौर पर जनता की जेब पर डकैती और भ्रष्टाचार का जीवंत उदाहरण है।



बिजली की स्थिति यह है कि कई इलाकों में अंधकार का साम्राज्य है। जलभराव के बीच बिना बिजली के कटना हर एक मिनट किसी सजा जैसा है। इस गंदगी और ठहरे पानी से जो संक्रामक बीमारियां पनपेंगी, उससे निपटने का कोई रोडमैप स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं दिख रहा है। अस्पताल पहले से ही बदहाल हैं, और अगर महामारी फैली तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी।

विडंबना देखिए, इस त्राहिमाम के बीच हमारे 'माननीय' जनप्रतिनिधि गायब हैं। वे लखनऊ और दिल्ली की एयरकंडीशंड दीघाओं में बैठकर देश-दुनिया की राजनीतिक चिंताओं में घुले जा रहे हैं, जबकि उनकी खुद की विधानसभा और संसदीय क्षेत्र की जनता घुटने भर पानी और कीचड़ में खड़ी होकर अपनी किस्मत को रो रही है। अफसरों के भरोसे छोड़े गए इस शहर में कोई सुनने वाला नहीं है। अफसरशाही एयरकंडीशंड कमरों से बाहर निकलने को तैयार नहीं है और जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर चुका है।

यह वक्त सिर्फ रोने का नहीं, बल्कि जवाब मांगने का है। समाचार पत्र के माध्यम से हम प्रशासन से सीधे सवाल करते हैं कि इस बर्बादी का जिम्मेदार कौन है? जनता टैक्स देती है, वोट देती है, तो उसे सुरक्षा और बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं मिलतीं? अब समय आ गया है कि इन विभागों की जवाबदेही तय की जाए, वरना आगरा को 'स्मार्ट' कहने से पहले यहां का हर नागरिक प्रशासन की नीयत पर हंसेगा।

संसद में गतिरोध जारी, राहुल गांधी से मिले किरेण रिजीजू

# इस्तीफा नहीं चाहिए, संसद में अमित शाह दें बयानः राहुल

एजेंसी, नई दिल्ली।

संसद के मानसून सत्र में जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच बातचीत का सिलसिला तेज हो गया है। इसी कड़ी में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से करीब 50 मिनट तक मुलाकात की। यह बैठक संसद परिसर में राहुल गांधी के कार्यालय में हुई, जिसमें कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। बैठक का मुख्य उद्देश्य संसद में लंबे समय से बने हुए गतिरोध को समाप्त करने और सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने का रास्ता तलाशना रहा।

सूत्रों के मुताबिक, बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने किरेन रिजिजू के सामने विपक्ष का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग नहीं कर रहा है। विपक्ष की मुख्य मांग यह है कि अमित शाह संसद में उस मुद्दे पर बयान दें, जिसे लेकर सदन में लगातार हंगामा और गतिरोध बना हुआ है।

राहुल गांधी ने कथित तौर पर यह स्पष्ट किया कि गृह मंत्री को सदन में आकर संबंधित विषय पर अपनी बात रखनी होगी। विपक्ष का जोर इस बात पर है कि सरकार संसद के भीतर इस मुद्दे पर जवाब दे, ताकि गतिरोध को आगे बढ़ाने के बजाय बातचीत और चर्चा के जरिए समाधान निकाला जा सके।



### करीब 50 मिनट चली बैठक, प्रियंका गांधी भी रहीं मौजूद

राहुल गांधी और किरेन रिजिजू के बीच यह मुलाकात करीब 50 मिनट तक चली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी बैठक में हिस्सा लिया। मुलाकात के बाद किरेन रिजिजू ने इसे एक 'Courtesy Meeting' बताया और उम्मीद जताई कि संसद में जारी गतिरोध जल्द समाप्त हो सकता है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार बैठक केवल औपचारिक मुलाकात तक सीमित नहीं रही। दोनों पक्षों के बीच संसद की कार्यवाही को सामान्य बनाने और सरकार-विपक्ष के बीच संवाद आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब मानसून सत्र में कई मुद्दों को लेकर विपक्ष और सरकार आमने-सामने हैं और लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही प्रभावित हो रही है।

### रिजिजू ने ओम बिरला और अमित शाह को दी बातचीत की जानकारी

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ हुई बातचीत के बाद किरेन रिजिजू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी बैठक में हुई चर्चा की जानकारी दी। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और कांग्रेस नेताओं के साथ हुई बातचीत के बारे में उन्हें अवगत कराया। सूत्रों का कहना है कि सरकार अब विपक्ष के रुख में संभावित बदलाव का इंतजार कर रही है। सरकार की कोशिश है कि सभी पक्षों के बीच बातचीत के जरिए संसद में जारी गतिरोध को खत्म किया जाए और लंबित विधायी कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके।

### परिसीमन और FCRA बिल पर भी हुई चर्चा

बैठक के दौरान केवल मौजूदा राजनीतिक गतिरोध पर ही बातचीत नहीं हुई, बल्कि सरकार की ओर से प्रस्तावित कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों को लेकर भी राहुल गांधी की राय जानने की कोशिश की गई। सूत्रों के अनुसार, किरेन रिजिजू ने प्रस्तावित Delimitation Bill यानी परिसीमन विधेयक और Foreign Contribution (Regulation) Act यानी FCRA में प्रस्तावित संशोधनों से जुड़े विधेयकों पर कांग्रेस का रुख जानना चाहा। सरकार इन विधेयकों को संसद में आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है। ऐसे में विपक्षी दलों की स्थिति और उनकी आपत्तियों को समझने के लिए सरकार की ओर से संवाद की कोशिश की जा रही है। माना जा रहा है कि इस बातचीत का मकसद केवल मौजूदा गतिरोध को खत्म करना ही नहीं, बल्कि आने वाले विधायी एजेंडे पर भी विपक्ष के साथ सहमति बनाने की संभावना तलाशना है।

### 10 दिनों में राहुल गांधी और रिजिजू की दूसरी मुलाकात

राहुल गांधी और किरेन रिजिजू के बीच पिछले 10 दिनों के भीतर यह दूसरी बातचीत बताई जा रही है। ऐसे समय में जब Parliament Deadlock लगातार सुर्खियों में है, दोनों नेताओं के बीच बातचीत को सरकार और कांग्रेस के बीच संवाद बहाल करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। बैठक से यह संकेत भी मिला है कि सरकार और विपक्ष के बीच सीधे संवाद के रास्ते खुले हुए हैं। हालांकि, संसद की कार्यवाही सामान्य होने के लिए दोनों पक्षों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनना अभी बाकी है।

## यूपी स्टेट योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप कल से

**इटावा।** उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोशियन के तत्वावधान में 7 से 9 अगस्त तक तीन दिवसीय 10वीं स्टेट योग स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन इटावा सफारी पार्क में किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश के 20 से 22 जनपदों के लगभग 250 से अधिक प्रतियोगी प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व सफारी पार्क के निदेशक डा.अनिल कुमार पटेल ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में लखनऊ, मथुरा, आगरा, फर्रुखाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, इटावा, बुलन्दशहर, उन्नाव, कानपुर, अमरोहा, झांसी, मुरादाबाद, वाराणसी, सहारनपुर, हरदोई, प्रयागराज, जौनपुर, बलरामपुर, गोण्डा, फतेहगढ़, बस्ती तथा बलिया की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने बताया कि यह चैम्पियनशिप तीन दिवसीय होगी। इस चैम्पियनशिप के टेक्निकल चेयरमैन डॉ. मुकेश राय होंगे। चैम्पियनशिप दो वर्गों बालक एवं बालिका जिसमें ग्रुप-1 मिनी 8 से 12 वर्ष तक, ग्रुप-2 सब जूनियर 12 से 14 वर्ष तक, ग्रुप-3 जूनियर 14 से 18 वर्ष तक, ग्रुप-4 सीनियर 18 से 35 वर्ष तक तथा ग्रुप-5 वरिष्ठ 35 से 45 वर्ष तक में आयोजित की जायेगी। चैम्पियनशिप का शुभारंभ 7 अगस्त को सायं 4 बजे होगा। 9 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे से समापन व पुरस्कार वितरण समारोह होगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कबड्डी और जिम्नास्ट में दिखी कांटे की टक्कर



**टीएनएफ टुडे, आगरा।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रदेशीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता एवं महिला जिमनास्टिक प्रतियोगिता का आजोजन एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम पर किया जा रहा हैं। कबड्डी में कुल 18 मण्डल एवं छात्रावास की टीम सहित कुल 19 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। जिमनास्टिक में 11 मण्डल, स्पोर्ट्स कालेज एवं छात्रावास सहित कुल 13 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

जिमनास्टिक प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि हरीश बत्रा, सचिव, जिला जिमनास्टिक संघ एवं रानी प्रकाश, पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी के कर कमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि संजय शर्मा, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। राजेश यादव, कल्पना चौधरी, जावेद ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को बैज लगाकर, पटका पहनाकर स्वागत किया।

जिमनास्टिक में बैलेसिंग बीम में अंजली प्रजापति (आगरा छात्रावास)-प्रथम, दीक्षा (स्पो.कालेज)-द्वितीय एवं सिद्धि राणा (आगरा मण्डल)-तृतीय रही। अनईवन बार में मिस्टी चौधरी (आगरा)-प्रथम, खुशी (आगरा)-द्वितीय एवं वैरोनिका (लखनऊ)-तृतीय रहीं। फ्लोर एक्सरसाइज ईवेण्ट में श्रद्धा (आगरा छात्रावास)-प्रथम, कल्पना (आगरा छात्रावास)- द्वितीय एवं पूनम (स्पोका गोरखपुर)- तृतीय रहीं। टेबलवाल्ट ईवेण्ट में अनन्या गुप्ता (आगरा मण्डल)- प्रथम, अंशिका (आगरा छात्रावास)-द्वितीय एवं शिल्पी (गोरखपुर मण्डल)- तृतीय रहीं। निर्णायक पूजा शर्मा, राजेश यादव, जावेद, रामप्रवेश दुबे, हिमांश शर्मा, अभय कुमार, शिवम यादव एवं विकास यादव रहें। विजयी खिलाड़ियों एवं निर्णायकों को मुख्य अतिथि हरीश बत्रा एवं विशिष्ट रानी प्रकाश के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कबड्डी में सहारनपुर ने मुरादाबाद को 39-22 से, मेरठ ने चित्रकूट को 29-13 से, मिर्जापुर ने कड़े संघर्श में आगरा को 19-18 से, प्रयागराज ने बरेली को 36-13 से, लखनऊ ने एकतरफा मुकाबले मं झॉसी को 38-10 से, आगरा छात्रावास की टीम ने बस्ती मण्डल को एकतरफा मुकाबले में 29-06 से, वाराणसी ने अयोध्या को आसानी से 26-06 से, सहारनपुर ने षानदान खेल का प्रदर्षन करते हुए देवीपाटन को 29-22 से पराजित किया। मेरठ की टीम ने कानपुर को 31-15 से, आजमगढ़ की टीम ने मिजार्पुर को 25-23 से, प्रयागराज ने एकतरफा मुकाबले में झॉसी को 37-12 से, लखनऊ से बरेली को 25-2 से परास्त किया। वहीं खेले गये पहले प्री-क्वार्टर फायनल मैच में आगरा मण्डल की टीम ने संघर्शपूर्ण मुकाबले में मुरादाबाद को 26-20 से, अलीगढ़ ने कड़े मुकाबले में आजमगढ़ को 18-16 से, गोरखपुर ने प्रयागराज को 31-27 से तथा कानपुर ने लखनऊ को 24-19 से हराकर प्रतियोगिता के क्वार्टर फायनल में जगह बनाई।

निर्णायकों की भूमिका सुनील श्रीवास्तव, मनीश दिवाकर, विनोद चौधरी, अष्वनी चौधरी, विक्रम, संजय, सत्यदेव, कन्हैया, पवन, जयप्रकाश, संतोश लोधी एवं विनीत सारस्वत ने निभाई।

प्रदेश की योगी सरकार ने दिया बड़ा तोहफा

## बुजुर्ग महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा

एजेंसी, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की बुजुर्ग महिलाओं के लिए एक बड़ी जनकल्याणकारी सौगात का ऐलान किया है। अब पात्र वरिष्ठ महिलाओं को यूपी रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रभावी संचालन और लाभार्थियों को बिना किसी परेशानी के सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान को मंजूरी दी है। सरकार का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य बुजुर्ग महिलाओं को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक और सुरक्षित यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराना है। प्रदेश के विभिन्न जिलों




में रहने वाली लाखों वरिष्ठ महिलाएं अब अपने रिश्तेदारों से मिलने, धार्मिक स्थलों की यात्रा करने, इलाज कराने या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए बिना किराए की चिंता किए रोडवेज बसों में सफर कर सकेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं और गरीबों के लिए जनहित की योजनाएं लागू कर रही है। सरकार का दावा है कि यह नई पहल महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## ठाकुर रोशन सिंह के नाम पर एसआरएन अस्पताल करने की मांग, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

टीएनएफ टुडे, प्रयागराज।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी एवं काकोरी केस के अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह को उचित सम्मान दिलाने की मांग को लेकर महुआ डाबर संग्रहालय परिवार के तत्वावधान में बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया। धरना अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान स्थल (एसआरएन चिकित्सालय परिसर) में दिया जा रहा है। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांग स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय का नाम बदलकर "अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चिकित्सालय" किए जाने की है।






धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिस स्थान पर आज स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय संचालित है, वहीं अंग्रेजी शासन के दौरान ऐतिहासिक मलाका जेल हुआ करती थी। इसी जेल में 19 दिसंबर 1927 को काकोरी केस के अमर सेनानी ठाकुर रोशन सिंह को फाँसी दी गई थी। ऐसे में यह स्थान केवल एक चिकित्सालय का परिसर नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण बलिदान स्थल भी है।

वक्ताओं ने कहा कि ठाकुर रोशन सिंह का योगदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है, लेकिन आज भी उनके बलिदान स्थल को वह सम्मान नहीं मिल पाया है जिसके वे वास्तविक अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि फाँसी से पूर्व मलाका जेल से लिखे गए ठाकुर रोशन सिंह के पत्र, उनके दुर्लभ चित्र तथा मुकदमे से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेख आज भी महुआ डाबर संग्रहालय में सुरक्षित हैं, जो उनके अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति के जीवंत साक्ष्य हैं।

उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर 1927 को जब ठाकुर रोशन सिंह को फाँसी दी गई, तब हजारों लोग उनका अंतिम दर्शन करने और पार्थिव शरीर लेने के लिए जेल के बाहर एकत्र हुए थे। उनकी अंतिम यात्रा के ऐतिहासिक चित्र आज भी उस जनसैलाब और उनके प्रति देशवासियों के सम्मान की गवाही देते हैं।

महुआ डाबर संग्रहालय परिवार ने कहा कि आजादी के अमृत काल में यह आवश्यक है कि इस ऐतिहासिक बलिदान स्थल को उसकी वास्तविक पहचान मिले। जिस स्थान पर देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले क्रांतिकारी को फाँसी दी गई थी, उसी स्थान पर स्थित चिकित्सालय का नाम उनके नाम पर रखा जाना उनके सर्वोच्च बलिदान का सच्चा सम्मान होगा।

संग्रहालय परिवार ने कहा कि वह वर्षों से इस मांग को विभिन्न स्तरों पर उठाता रहा है, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष के बाद भी ठाकुर रोशन सिंह को अपेक्षित सम्मान न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय का नाम बदलकर "अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह चिकित्सालय" नहीं किया जाता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

धरने में डॉ. शाह आलम राना, डॉ. अवनीश सिंह, प्रियांशु रंजन, निशांत मोदनवाल, हिमांशु सिंह, सम्राट राय, शिवांग त्रिपाठी, रिशुराज आनंद, श्रेयश तोमर, अभिषेक तिवारी, शुभम सिंह, आज्ञा प्रसाद तिवारी सहित बड़ी

# मिड-डे मील के गेहूं-चावल की कालाबाजारी

## ग्रामीणों ने की राशन डीलर के खिलाफ जांच की मांग

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के मौजा सांकुरी खुर्द के ग्राम पुरा गूगरन में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के मध्याह्न भोजन के राशन में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने राशन डीलर पर स्कूली बच्चों के हिस्से का गेहूं और चावल बचाकर उसे निजी लाभ के लिए कालाबाजारी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले की जांच और दोषी डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम स्वाति शर्मा को शिकायती पत्र देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर के पास प्राथमिक विद्यालय सांकुरी खुर्द और पुरा गूगरन ब्राह्मण में पढ़ने वाले बच्चों के मिड डे मील राशन वितरण की जिम्मेदारी है। आरोप है कि राशन डीलर स्कूलों में पूरा राशन नहीं भिजवाता और बकाया राशन अपने पास रखकर बाजार में बेच देता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय पुरा गूगरन ब्राह्मण में पहुंचे राशन का पूरा रिकॉर्ड स्कूल रजिस्टर में दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि कालाबाजारी पिछले कई वर्षों से चल रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जांचकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान हरी सिंह, विनोद, विजयवीर, रामनरेश आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जगनेर में 32 श्मशानों की दशा सुधारने की मांग

# सबजन सेवा समिति ने वीडीओ को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, आगरा/जगनेर।




जगनेर विकास खंड की ग्राम पंचायतों में श्मशान घाटों की बदहाल स्थिति और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर बुधवार को सबजन सेवा समिति (रजि.) के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। समिति ने अपने ज्ञापन में कहा कि विकास खंड जगनेर की कुल 32 ग्राम पंचायतों में आज भी कई गांव ऐसे हैं जहां श्मशान घाट नहीं हैं। वहीं जिन ग्राम पंचायतों में श्मशान घाट बने हुए हैं, वहां भी टिन शेड, स्वच्छ पेयजल, पक्के रास्ते और नियमित साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इससे अंतिम संस्कार के समय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समिति ने कहा कि श्मशान घाट केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सम्मानजनक अंतिम संस्कार से जुड़ा विषय है। इसलिए प्रशासन को इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए जल्द कार्रवाई करनी चाहिए।

सबजन सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जगनेर ब्लॉक की हर ग्राम पंचायत में श्मशान घाट और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। यदि प्रशासन समयबद्ध कार्रवाई करता है तो हजारों ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

सबजन सेवा समिति के उपाध्यक्ष केशव दीक्षित ने कहा कि ग्रामीण वर्षों से इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं। प्रशासन से सकारात्मक पहल की उम्मीद है। यदि मांगों पर उचित समय में कार्रवाई नहीं होती है, तो समिति ग्रामीणों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से आगे की रणनीति तय करेगी।

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि शासन को इस समस्या से अवगत कराया जाएगा। शासन की योजनाओं के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर कराने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान राकेश शर्मा, केशव दीक्षित, सोनू शर्मा, गौरव पचौरी, चिंटू मंगल, मनोज पौडवाल, विवेक शर्मा, मोनी परमार, सौरभ उपाध्याय, प्रशांत बघेल, भानू, आशीष सिंघल, पुष्पेन्द्र आदि समिति के पदाधिकारी



## जलभराव से घरों में कैद हुए लोग

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

तीन दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के गांव सलेमपुर मुड़िया में गांव की गलियां तालाब में तब्दील हो गई है। गांव में तीन दर्जन के करीब लोगों के घरों के सामने भरा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं बुधवार को सपा नेत्री रूपाली दीक्षित ने भी गांव का दौरा किया। तीन दिन से हो रही लगातार बारिश के चलते तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के गांव सलेमपुर मुड़िया में इन दोनों हालत बेहद खराब है जहां तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर प्रमोद उपाध्याय, अरविंद, अजय, विजय, हजारी, ओमबाबू, करुआ, धर्मेंद्र, प्रवीण, इंद्रदेव, अमित विवेक, हरिओम, आकाश, विकास, महाराज सिंह, हरेंद्र, शिवकुमार रामकुमार सहित करीब तीन दर्जन लोगों के घरों के सामने गलियों में पानी भरा हुआ है। वहीं कुछ लोगों के घरों में पानी भरा हुआ है जिससे लोगों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गांव के हालात इस तरीके के हो गए हैं कि गांव की गलियों में पानी-पानी है। हर घर सुरक्षित अभियान होना चाहिये और हर गड्ढे की जिम्मेदारी एसडीएम और सचिव की जिम्मेदारी होनी चाहिए। ताकि आपसी विवाद के चलते बहुत तालाबों की साफ सफाई की जो रुकावट हैं, उसे हल किया जा सके।

## नंद प्लाजा के बारिस्ता कैफे में छापा



टीएनएफ टुडे, बाह।

आगरा के सदर क्षेत्र स्थित नंद प्लाजा में एलआईयू और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बारिस्ता कैफे में छापा मारकर जांच-पड़ताल की। लड़के-लड़कियां मिलने और कथित अवैध गतिविधियों की शिकायतों पर पुलिस ने कैफे में मौजूद लोगों से पूछताछ की और दस्तावेज खंगाले। टीम के पहुंचते ही कैफे में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस पूछताछ में जुटी है।

# लव जिहाद की शिकार युवती के घर पहुंचे अजय तोमर

## पीड़ित परिजनों से घटना के संबंध में ली विस्तृत जानकारी



टीएनएफ टुडे, आगरा।

ब्लाक शमसाबाद के नयाबांस गांव के पास चार विसा गांव में हुई लव जिहाद की घटना को लेकर पीड़ित परिजनों से मिले योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर। फिरोजाबाद के रहने वाले फैजान ने राहुल नाम से गांव की हिंदू लड़की से बनाए थे संबंध। अश्लील वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल। लड़की ने कीटनाशक पीकर कर ली थी आत्महत्या।

परिजनों की तहरीर पर थाना शमशाबाद में पुलिस ने लिखा था मुकदमा। जानकारी पर योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर बुधवार को पीड़ित परिजनों से मिले और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। परिजनों से मुलाकात के बाद वह थाना शमशाबाद पहुंचे और थाना प्रभारी से मुलाकात कर मामले में अन्य सबूत के आधार पर धाराएं बढ़ाने की बात की। बता दें कुंवर अजय तोमर ने मंगलवार को फेसबुक अकाउंट पर वीडियो जारी कर आरोपी का एनकाउंटर करने की मांग की थी। इसके बाद शमशाबाद पुलिस ने आरोपी फैजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अजय तोमर का कहना था कि लव जिहाद बहुत बड़ी साजिश है, जो अब शहर के बाद गांव में भी पहुंच गया है।

इस प्रकार की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति, ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष दुर्गेश रावत, क्षेत्र उपाध्यक्ष हरिशंकर चौहान, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मनमोहन तोमर, महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा राजकुमार प्रजापति, सोनू शर्मा, राजेश गुप्ता, चंद्रवीर प्रजापति, विवेक शर्मा, अर्जुन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों की मदद से बची सांड़ की जान

**पिनाहट (आगरा)।** इच्छेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को एक आवारा सांड के पैर में लोहे का तार फंस गया। दर्द से तड़प रहे गौवंश को देखकर ग्रामीणों ने तुरंत पशु चिकित्सालय को सूचना दी। समय रहते उपचार मिलने से सांड की जान बच गई। सूचना पर पशु चिकित्सक माधो सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे।



ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद सांड के पैर में फंसा तार सुरक्षित निकाला गया। इसके बाद घाव की सफाई कर दवा लगाई गई। चिकित्सकों के अनुसार अब गौवंश की हालत में सुधार है और वह जल्द स्वस्थ हो जाएगा। उपचार के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस नेक काम में सुल्तान सिंह पुजारी, शिवनारायण पुजारी, सुग्रीव गोस्वामी, पप्पू रावत, गीतम बघेल, रमेश ओझा, हरभजन सिंह, हरिओम सोनी, सुमित शुक्ला, अंकित निवेरिया, राममोहन परिहार सहित अन्य ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चंबल में तलाशते रहे युवती का शव?

**दिल्ली पुलिस, वन विभाग और पीएसी के गोताखोरों चलाया सर्च आपरेशन**



**पिनाहट।** युवती के शव की तलाश में दिल्ली पुलिस ने पीएससी गोताखोरों के साथ स्टीमर से करीब दस किलोमीटर के एरिया में चंबल में सर्च आपरेशन चलाया है। किन्तु युवती का शव बरामद नहीं हो सका है।

थाना बासौनी क्षेत्र के गांव लखनपुरा के रहने वाले लखपति सिंह दिल्ली तिगड़ी क्षेत्र में रहते हैं। यहां उनकी पुत्री खुशी को पड़ोस के ही एक लड़के से प्यार हो गया। जिसकी जानकारी स्वजन को करीब चार महीने बाद हुई। पिता अपनी बेटी को साथ लेकर लड़के के स्वजन से मिले और दोनों की शादी कराने को कहा। जिस पर लड़के ने मना कर दिया। जिसके बाद आरोप है कि पिता ने गांव में लाकर अपनी बेटी को चंबल में डुबोकर मार दिया। उधर दिल्ली में पड़ोसियों की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने लखपति सिंह को पकड़ लिया और पूछताछ सारा मामला उगल दिया। ?पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया और दो दिन की रिमांड पर दो अगस्त को गांव लेकर आयी।?जहां चंबल नदी में शव की तलाश की है।? रिमांड पूरी होने पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने लखपति को जेल भेज दिया। वहीं बुधवार को दिल्ली केइंस्पेक्टर मुकेश यादव, सब इंस्पेक्टर राहुल, कांस्टेबिल महेश, प्रवीन और वन विभाग और पीएसी गोताखोर ने पिनाहट चंबल नदी घाट से स्टीमर के द्वारा करीब दस किलोमीटर बासोनी घाट तक सर्च आपरेशन चलाया है। किन्तु नदी में शव का कोई पता नहीं लग सका है।

## खंड विकास अधिकारी ने ली सचिवों की बैठक



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

ब्लॉक फतेहाबाद में बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी फतेहाबाद की अध्यक्षता में पंचायत सचिवों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार एडीओ पंचायत नरेंद्र बघेल ने पंचायत सचिवों को संयुक्त रूप से निर्देश दिए कि बरसात के मौसम के दृष्टिगत अपनी तैनाती की समस्या ग्राम पंचायतों में जलभराव एवं तालाबों का स्थलीय सत्यापन करते हुए जलभराव वाले स्थलों एवं ओवरफ्लो तालाब को चिन्हित कर उक्त तालाबों से जाल लगाकर जलकुंभी, घास ,कचरा ,पॉलिथीन आदि को निकलवाए एवं जल निकासी हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए साफ-सफाई कराकर एंटी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग करना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान बैठक में सचिव रितु यादव, संदीप सिंह, राहुल परिहार,विनोद कुमार, नसीम अहमद, कमल सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# गुर्जानन्दन के तालाब में मरे कछुए

## ग्रामीणों ने संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा जताया

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



तहसील फतेहाबाद के गांव गुर्जानन्दन में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव में स्थित तालाब में दर्जनों कछुए और अन्य जलीय जीव मरे हुए उतराते दिखाई दिए। बड़ी संख्या में जलीय जीवों के मरने की सूचना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना के बाद से गांव में भीषण दुर्गंध के साथ संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीणों के मुताबिक, विगत दो दिन से हो रही बारिश के कारण गांव का तालाब पूरी तरह ओवरफ्लो हो गया था। जलभराव के साथ तालाब में काफी मात्रा में गंदगी एकत्र हो गई थी। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण तालाब को देखा तो पानी में करीब एक दर्जन कछुए मृत अवस्था में मिले। ग्रामीण ब्रजमोहन गुर्जर ने बताया कि तालाब में कछुओं और अन्य जलीय जीवों के मर जाने से पानी दूषित और जहरीला हो चुका है। गांव के बेसहारा गोवंश और अन्य पशु भी तालाब से पानी पीते हैं। ग्रामीणों को चिंता है कि दूषित पानी पीने से पशु किसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। इससे बड़े पैमाने पर पशुहानि हो सकती है। ग्रामीणों ने वन विभाग तथा तहसील प्रशासन से मामले का संज्ञान लेने की मांग की है। लोगों का कहना है कि तालाब की स्थिति की जांच कराई जाए और पानी को दवा डालकर उसकी समुचित व्यवस्था की जाए। ताकि संक्रमित संक्रमित बीमारियों से बचा जा सके।

# आगरा-खेरागढ़-तांतपुर-बयाना रेल लाइन को वित्तीय स्वीकृति दिलाने की मांग

## लोकसभा में नियम 377 के अधीन सांसद राजकुमार चाहर ने उठाया मामला

टीएनएफ टुडे, आगरा।



लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान फतेहपुर सीकरी से सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने नियम 377 के अधीन आगरा-खेरागढ़-जगनेर-तांतपुर होते हुए बयाना तक प्रस्तावित नई रेल लाइन परियोजना का मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार एवं रेल मंत्रालय का ध्यान इस महत्वपूर्ण जनहित विषय की ओर आकर्षित करते हुए परियोजना को शीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने तथा निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग की।

सांसद राजकुमार चाहर ने सदन में कहा कि आगरा-खेरागढ़-जगनेर-तांतपुरझबयाना नई रेल लाइन परियोजना का सर्वेक्षण वर्ष 2024 में पूर्ण हो चुका है, किंतु अभी तक इसे वित्तीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि यह विषय पूर्व में भी लोकसभा में उठाया जा चुका है तथा रेल मंत्रालय से लगातार इस परियोजना को स्वीकृति देने का अनुरोध किया जाता रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित रेल लाइन उत्तर प्रदेश के आगरा जनपद के फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ राजस्थान के धौलपुर, भरतपुर, बयाना, हिण्डौन, करौली एवं आसपास के क्षेत्रों की लाखों जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस रेल मार्ग के निर्माण से क्षेत्रीय रेल संपर्क सुदृढ़ होगा तथा लोगों को बेहतर और सुगम परिवहन सुविधाएं प्राप्त होंगी।

सांसद ने कहा कि नई रेल लाइन प्रारंभ होने से कृषि, व्यापार, पर्यटन, लघु एवं कुटीर उद्योगों को नई गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों और आम नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। चाहर ने सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री से आग्रह किया कि जनभावनाओं से जुड़ी इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को शीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाए तथा आवश्यक बजटीय प्रावधान कर निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ कराया जाए।

## प्रधान बेहडी.की सास पर हमला, सिर फोड़ा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना फतेहाबाद क्षेत्र का गांव ईधौंन में बुधवार सुबह ट्यूबवेल पर सो रही प्रधान की वृद्ध सास पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। वृद्धा घायल हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। गांव ईधौंन की प्रधान विरमा देवी के देवर हरिओम पुत्र भूप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को सुबह मां नारायण देवी घर से दो किलोमीटर दूर स्थित ट्यूबवेल पर रोजाना की भांति गई थी। तभी वह ट्यूबवेल पर लेटी थी। तभी अज्ञात लोगों ने उनके सिर पर हमला कर दिया। जिससे उनका सिर फट गया। जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे और उनका इलाज कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। और मामले की जांच कर रही है।

## किशोरी को ले जाने का आरोपी पकड़ा

टीएनएफ टुडे, शमशाबाद।

नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में शमशाबाद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाबालिग को भी सकुशल बरामद कर लिया है।महिला ने थाना शमशाबाद पर तहरीर दी थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को शिवा उर्फ होरी पुत्र कुंवरपाल निवासी मधुपुर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर के आधार पर थाना शमशाबाद पर बीएनएस पंजीकृत किया गया।पुलिस ने आरोपी शिवा उर्फ होरी को इकलाशपुरा अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया था।

# आगरा कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया गया आयोजन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आगरा कॉलेज के सेमिनार हॉल में विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशे के दुष्प्रभावों, युवाओं की भूमिका तथा विकसित भारत के निर्माण में नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर अपने प्रभावशाली विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आगरा कॉलेज के मुख्य नियंता (चीफ प्रॉक्टर) प्रो. वी.के. सिंह एवं डॉ. कल्पना चतुर्वेदी रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके जागरूक और संस्कारित युवा हैं, जो अपने सकारात्मक आचरण से विकसित भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। भाषण प्रतियोगिता के दौरान डॉ आनंद प्रताप सिंह, डॉ सत्यदेव शर्मा, डॉ रवि शंकर सिंह, डॉ अविनाश जैन, डॉ धर्मवीर यादव जी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ ललिता सिंह, डॉ एस.पी. सिंह एवं डॉ. अरविंद गुप्ता द्वारा निष्पक्ष एवं सूक्ष्मता के साथ किया गया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति शैली के आधार पर उनका मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में उत्कर्ष सिसोदिया, काजल भारद्वाज, जय किशन रावत एवं मुद्रिका गुप्ता सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने ओजस्वी वक्तव्यों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों, परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले इसके दुष्परिणामों तथा युवाओं की जिम्मेदारियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रवि शंकर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कार ड्रम से टकराई

**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे किलोमीटर 28.900 पर कार वन-वे के ड्रम से टकरा गई। इस दौरान सवारी बाल-बाल बची। प्राप्त जानकारी के अनसार एक कार लखनऊ से मथुरा जा रही थी। तभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 28.900 पर वनवे रोड करने के लिए रखे ड्रमों से टकरा गई। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया। उस समय कार को चालक आशीष पुत्र जवाहर लाल शर्मा निवासी मोहल्ला अहमदगंज थाना ठाकुरगंज जिला लखनऊ चला रहा था। साथ में चार अन्य लोग सवार थे जो लखनऊ से मथुरा जा रहे थे। वनवे पर बने डिवाइडर के लिए रखे ड्रमों से टकराकर कार छतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार में बैठे किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई।

## हिस्ट्रीशीटर ने कराया ग्राम पंचायत की जमीन का बैनाम, प्रधान ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

टीएनएफ टुडे, बाह।

कस्बा बाह में सरकारी जमीन पर कब्जे के प्रयास को तीन दिन पहले पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने विफल किया था। अब जरार में ग्राम पंचायत की आबादी की जमीन पर कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। जरार ग्राम पंचायत की बेसकीमती जमीन का हिस्ट्री शीटर द्वारा बैनामा कराकर कब्जा के प्रयास का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान सियारानी ने सीएम पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में ग्राम पंचायत की जमीन पर हिस्ट्री शीटर समेत 2 लोगों पर बैनामा कराने का आरोप लगाया है। जमीन आबादी में दर्ज है, ग्राम पंचायत के उपयोग में है। कथित बैनामा के आधार पर कब्जे का प्रयास हो रहा है। पंचायत की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने एवं दोषियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# लव जिहाद का आरोपी फैजान गिरफ्तार

## बरामद मोबाइल में छात्रा के फोटो और वीडियो मिले



टीएनएफ टुडे, शमशाबाद।

**शमशाबाद पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्वाई**

पहचान छिपाकर किशोरी को ब्लैकमेल करने और अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में शमशाबाद पुलिस और सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की संयुक्त टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार, फैजान उर्फ राहुल उनकी पुत्री को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इससे परेशान होकर किशोरी ने जहर खाकर जान दे दी। इस संबंध में मामला पंजीकृत किया गया था।

डीसीपी पूर्वी के निर्देशन में शमशाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चंदोरा रोड स्थित कोल्ड स्टोर के पास से आरोपी फैजान उर्फ राहुल पुत्र आसिन खान निवासी नगला निरमो, थाना जसराना, फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जिसमें किशोरी के अश्लील फोटो-वीडियो मिले हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## कीचड़ से गुजरने को मजबूर हैं ग्रामीण

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

विकास खंड के गांव बुरहरा का मुख्य मार्ग महीनों से जलभराव की चपेट में है। सड़क पर भरे गंदे पानी और कीचड़ के कारण ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं व राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बुरहरा से भाकर सहित कई गांवों को जोड़ने वाले इस मार्ग पर आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नाले का निर्माण और तालाब की सफाई होने से जलभराव की समस्या दूर हो सकती है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से हालात जस के तस बने हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## पानी लेने निकले मासूम की सड़क हादसे में मौत

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

गांव महमदगढ़ में बुधवार शाम दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। गांव में पीने का पानी खारा होने के कारण 13 वर्षीय आयुष घर के लिए पानी लेने करीब दो किलोमीटर दूर स्थित निजी समरसेबल पर जा रहा था। रास्ते में खेरागढ़ की ओर से आ रहे एक बेकाबू हाइड्रा ने सड़क किनारे पैदल जा रहे छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्र ने आगरा के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार आयुष पुत्र अमर सिंह कक्षा पांच का छात्र था। शाम करीब चार बजे वह पानी लेने निकला था। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए आगरा ले गए, लेकिन देर शाम चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आयुष दो भाइयों में बड़ा था। उसके पिता अमर सिंह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# मोहन सिंह बने अखिल भारतीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष

## समाज की आवाज बनूँगा- मोहन सिंह लोधी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

अखिल भारतीय लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन लोधी विधायक एटा सदर की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष उत्तम चंद्र उर्फ.राकेश लोधी ने ताजनगरी निवासी मोहन सिंह लोधी पूर्व पार्षद को लोधी महासभा आगरा के पद पर मनोनीत किया है।





लोधी महासभा के शीर्ष नेतृत्व ने आशा व्यक्त की है कि मोहन सिंह के नेतृत्व में समाज में आगरा का लोधी समाज संगठित होकर अपने सम्मान व स्वाभिमान की आवाज को बुलंद करने का काम करेगा। इस मौके पर लोधी महासभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहन सिंह लोधी ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने उनपर जो जिम्मेदारी दो है। उसका निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुखता समाज में शिक्षा पर काम करेंगे।

जिससे समाज में फैली हुई कुरीतियों पर अंकुश लग सके। आगामी 16 अगस्त को महारानी अवंतीबाई लोधी की जयंती को पूरे जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से भव्य बनाने का कार्य लोधी महासभा करेगी।

उन्होंने कहा कि वो समाज के सम्मान स्वाभिमान के साथ राजनैतिक भागीदारी की लड़ाई को सभी के सहयोग से लड़ने का काम करेगें। उनके मनोनयन पर गुलाब सिंह लोधी पूर्व अध्यक्ष, किशोरी सिंह राजपूत, निहाल सिंह भोले, राकेश लोधी सांसद प्रतिनिधि, बबलू लोधी, क्षेत्रिय महामंत्री, आनंद लोधी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा महासभा, हरिओम लोधी, छीतर सिंह एड., मिश्रीलाल राजपूत, अर्जुन सिंह लोधी, प्रकाश राजपूत, पृथ्वीराज लोधी, चन्द्रभान पूर्व प्रधान, महावीर वर्मा, गोपाल भगत, कोमल सिंह, महाराज सिंह राजपूत, अतर सिंह नरवरिया, कुंदन सिंह ठेकेदार, उमेंद्र राजपूत युवा जिलाध्यक्ष, रवि राजपूत, योगेन्द्र लोधी, राजकुमार लोधी, सत्यप्रकाश लोधी, कान्हा लोधी, विजय सिंह लोधी, मिथुन लोधी, चंदन सिंह लोधी, महेश राजपूत, संजय लोधी, पवन लोधी, नरेश लोधी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री से मिलीं बाह की विधायक

## जरार मंडी और बाह डिपो के विस्तार के प्रस्ताव रखे

टीएनएफ टुडे, बाह।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मिली बाह की विधायक पक्षालिका सिंह ने जरार मंडी एवं बाह डिपो के विस्तार के प्रस्ताव रखे हैं। मुख्यमंत्री ने जल्द अमल का आश्वासन दिया है। उत्तर भारत की प्रमुख मंडियों में सुमार रही जरार की गल्ला मंडी में भिंड, मुरैना से लेकर धौलपुर तक के किसान अपनी उपज लेकर पहुंचते थे। मंडी यार्ड न होने की बजह से कारोबार सिमट गया था। विधायक पक्षालिका सिंह के प्रयास से मंडी यार्ड तो बन गया, लेकिन पर्याप्त संसाधन न होने की बजह से कारोबारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। किसान और कारोबारियों के हित के मद्देनजर उन्होंने मुख्यमंत्री से मंडी यार्ड के विस्तार, दुकानों के निर्माण एवं संसाधनों के विकास का प्रस्ताव रखा। बाह में भदावर डिपो की सौगात केबिनेट मंत्री रहते अरिदमन सिंह के प्रयासों से मिली थी। आमदनी में अब्बल रहने के बाद भी बसों के टोटे एवं संसाधन की कमी डिपो की तरक्की की राह में बाधा बनी हुई है। पक्षालिका सिंह ने डिपो के विस्तार, बसों की संख्या बढ़ाए जाने, संसाधन विकसित करने के साथ ही सौंदर्यीकरण कराए जाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के सामने रखा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने दोनों ही प्रस्तावों पर जल्द ही अमल का भरोसा दिलाया है।



# नो एंट्री में घुसे ट्रक ने ली श्रद्धालु वृद्धा की जान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शहर के जीवनी मंडी क्षेत्र में नो एंट्री के बावजूद घुसे एक ट्रक ने खाटू श्याम मंदिर से दर्शन कर घर लौट रही बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। मृतका की पहचान जीवनी मंडी निवासी सरला देवी के रूप में हुई है।

बुधवार सुबह करीब सात बजे वह जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने गई थीं। दर्शन के बाद वह पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक का पहिया उनके दोनों पैरों पर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। गंभीर हालत में सरला देवी को तत्काल पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना था कि जिस समय क्षेत्र में भारी वाहनों की नो एंट्री रहती है, उस समय ट्रक का जीवनी मंडी जैसे व्यस्त इलाके में पहुंचना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों ने दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और नो एंट्री नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की। पुलिस ने ट्रक चालक और सहायक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए चिह्नांकन 16 को

आगरा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्ञान देवी ने अवगत कराया है कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के आदेशानुसार जनपद में पात्र दिव्यांगजन को मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान किये जाने हेतु चयनित संस्थान एलिम्को कानपुर द्वारा चिन्हांकन शिविर का आयोजन 16 अगस्त को राजकीय मूक बधिर विद्यालय, विजय नगर कालोनी में किया जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत या अधिक है, उन्हें विगत 05 वर्षों में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान न की गई हो निर्धारित तिथि एवं स्थान पर प्रातः 11 बजे उपस्थित हो सकते हैं। अपने साथ आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां व दो फोटो अवश्य लायें।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का आगरा में स्वागत



टीएनएफ टुडे, आगरा।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के आगरा आगमन पर महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास के नेतृत्व में जीवनी मंडी स्थित पेट्रोल पंप पर भव्य स्वागत समारोह और प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, बढ़ती बेरोजगारी, छात्रों के उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, चंदा वसूली और आर्थिक अव्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित है, जबकि सरकार जनहित के मूल मुद्दों से दूर हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और सभी वर्गों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रही है। उनका कहना था कि प्रदेश का युवा रोजगार, किसान अपनी उपज का उचित मूल्य, व्यापारी सुरक्षित व्यापार और आम नागरिक बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा की अपेक्षा रखता है, लेकिन सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी है। श्यामलाल पाल ने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता लोकतांत्रिक तरीके से अपना निर्णय देगी।

महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता की आवाज है और पार्टी हमेशा आमजन के अधिकारों, कार्यकताओं के सम्मान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती है।



### आगरा कॉलेज में बीबीए, बीसीए, बीकॉम का ओरिएंटेशन हुआ

आगरा। आगरा कॉलेज के प्रबंधन एवं कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग तथा वाणिज्य विभाग द्वारा बीबीए, बीसीए, बीबीए लॉजिस्टिक्स एवं बी.कॉम. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया तथा अपने नए शैक्षणिक सफर की शुरूआत की। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. के. गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य प्रॉक्टर डॉ. वी. के. सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय की पाबंदी और महाविद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया तथा उन्हें एक जिम्मेदार विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित किया। बीबीए, बीसीए एवं बीबीए लॉजिस्टिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. पारुल महाजन ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए आगरा कॉलेज की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत, महाविद्यालय की उपलब्धियों तथा विभाग में उपलब्ध प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसरों की जानकारी दी। डॉ. अश्विनी शर्मा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं अवसरों से परिचित कराया तथा उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. श्रद्धा सिंह, डॉ. शिखा जैन, डॉ. विकास तिवारी, डॉ. अमन गोस्वामी, डॉ. आशीष सिंघल,डॉ आदेश कुमार, डा मनोज कुमार, सतीश चन्द्रा डॉ. नीरज मंचंदा, डॉ. अनिल चौधरी, डॉ. ज्योत्सना गौर उपस्थित रहे।

### चंबल सेंक्चुअरी का दायरा घटाने पर आभार

बाह। आगरा दौरे में अपनी मांग पर चंबल सेंक्चुअरी का दायरा घटाए जाने का प्रस्ताव मांगे जाने पर विधायक पक्षालिका सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को प्रस्ताव दिया था कि मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में चंबल सेंक्चुअरी के दायरे भिन्न हैं। मध्य प्रदेश में 500 मीटर का दायरा है तो उत्तर प्रदेश में डेढ़ किमी का दायरा है। जिसकी बजह से चंबल के बीहड़ के गांव विकास से नहीं जुड़ पा रहे हैं। वन विभाग के अडंगे के चलते गुढ़ा, मऊ की मढैया, धांधूपुरा, बरहा, पुरा शिवलाल, पुरा डाल, रेहा, झरनापुरा आदि गांवों में सड़क तक नहीं बन पा रही। सेंक्चुअरी का दायरा बड़ा होने की बजह से बाह के गांव तरक्की एवं विकास से दूर हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश की तर्ज पर विकास का दायरा घटाए जाने की मांग की थी। पक्षालिका सिंह ने मुख्यमंत्री का चंबल सेंक्चुअरी का दायरा घटाए जाने का अधिकारियों से प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश पर आभार जताया और कहा कि बाह के बीहड़ के गांव विकास और तरक्की से जुड़ सकेंगे।

### तमिलनाडु एक्सप्रेस के ट्रॉली बैग में मिला शव

आगरा। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर उस समय सनसनी फैल गई, जब चेन्नई से नई दिल्ली जा रही तमिलनाडु एक्सप्रेस के एक जनरल कोच में संदिग्ध ट्रॉली बैग मिलने की सूचना मिली। रेलवे हेल्पलाइन 139 पर सूचना मिलने के बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के दौरान ट्रॉली बैग खोलने पर उसके अंदर एक शव मिलने से स्टेशन पर हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि ट्रॉली बैग ट्रेन में चेन्नई से ही रखा गया था। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। जांच एजेंसियां स्टेशन और ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। तकनीकी साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि शव की शिनाख्त और ट्रॉली बैग के मालिक का पता चलने के बाद मामले की तस्वीर और साफ हो सकेगी। फिलहाल रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच जारी है।

### 31 अगस्त तक कराएं खरीफ की फसलों का बीमा

आगरा। उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने अवगत कराया है कि निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों के क्रम में जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है कि खरीफ मौसम की अधिसूचित फसलों का फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि गैर ऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त है। जबकि ऋणी कृषकों के लिए 31 अगस्त निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु अधिकृत किया गया है। खरीफ मौसम में जनपद के लिए धान, बाजरा एवं अरहर फसलों को अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि धान फसल के लिए प्रति हेक्टेयर 80 हजार रुपये की बीमित राशि पर कृषक अंश के रूप में 2 प्रतिशत अर्थात 1,600 रुपये, बाजरा के लिए 57 हजार रुपये की बीमित राशि पर 2 प्रतिशत अर्थात 1,140 रुपये तथा अरहर के लिए 90,900 रुपये की बीमित राशि पर 2 प्रतिशत अर्थात 1,818 रुपये प्रीमियम निर्धारित किया गया है।

### किसान की भैंस चोरी, थाने में दी तहरीर

फतेहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव कुतुकपुर गोला में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर के बाहर बंधी लाखों रुपये की भैंस पार कर दी। देर रात परिजनों की आंख खुली तो खूंटा खाली देख होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न लगने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव कुतुकपुर गोला निवासी चरन सिंह पुत्र बेताल सिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात अपनी भैंस को घर के बाहर टीन शेड में बांधकर सो गए थे।

## कार बाजार की आड़ में कट रही थी चोरी की गाड़ियां

# 8 शातिर बदमाश दबोचे, मास्टरमाइंड अब भी फरार

- 2 करोड़ की 11 लग्जरी कारें बरामद, चाइनीज सॉफ्टवेयर से खोलते थे लॉक

टीएनएफ टुडे, आगरा।

लोहामंडी थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब ?2 करोड़ से अधिक कीमत की 11 चार पहिया गाड़ियां बरामद की हैं। गिरोह का मास्टरमाइंड अभिषेक बाजपेयी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

एसीपी ने बताया कि 29 जून को लोहामंडी क्षेत्र से चोरी हुई होंडा वीआरवी कार के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद विशेष टीम गठित की गई थी। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने पूरे गिरोह का पदार्फाश किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अत्याधुनिक चाइनीज सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर कुछ ही मिनटों में कारों के लॉक खोल लेते थे। इसके बाद वाहन चोरी कर उन्हें सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा दिया जाता था। गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ था। चोरी की कारों के इंजन और चेसिस नंबर बदलकर उन्हें दूसरी गाड़ियों की पहचान दी जाती थी। इसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर कारों को बाजार में बेच दिया जाता था, जिससे चोरी की गाड़ियों की पहचान करना बेहद मुश्किल हो जाता था। पुलिस जांच में सामने आया कि संतोष कुमार, जो एक कार बाजार संचालक है, इस पूरे नेटवर्क की महत्वपूर्ण कड़ी था। उसके साथ सत्यम यादव और विवेक रावत भी इस अवैध कारोबार में सक्रिय रूप से शामिल थे। कार बाजार के माध्यम से चोरी की गाड़ियों को वैध बताकर ग्राहकों तक पहुंचाया जाता था। पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना अभिषेक बाजपेयी है, जो पहले भी वाहन चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। फिलहाल वह फरार है और उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का मानना है कि उसकी गिरफ्तारी के बाद गिरोह के नेटवर्क से जुड़े कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं। गिरफ्तार आरोपियों में शामिल संतोष कुमार, अभिनव त्रिपाठी और विवेक रावत पर पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है। इससे साफ है कि सभी आरोपी लंबे समय से संगठित अपराध में सक्रिय थे। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े कई अन्य आरोपी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## नर्वदेश्वर महादेव मंदिर से गूंजा हर-हर महादेव

# 150 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा, भागवत कथा आज से



टीएनएफ टुडे, आगरा।

आरबीएस फ्लावर के सामने स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर से भक्तिमय माहौल में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 6 अगस्त से प्रारम्भ होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के शुभारम्भ से पूर्व निकाली गई इस यात्रा में लगभग 150 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलशधारियों का स्वागत किया। तमाम भक्तगण भी "बोलो नर्वदेश्वर महादेव की जय" के जयकारों के साथ यात्रा में शामिल होकर भावविभोर नजर आए। कथा संयोजक कमल अग्रवाल ने बताया कि 6 से 12 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वृंदावन से पधारे कथावाचक भरत लाल शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से होगी। कथा के दौरान प्रतिदिन कथा, कीर्तन और आरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह भोर, राकेश वर्मा, रामकुमार खंडेलवाल, अजय बंसल, कृष्ण मित्तल, अनिल चौरसिया, सनी शर्मा, हनी अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, रिकी पवार, भानु शर्मा, विष्णु चौधरी, नीतू सिंह, रेखा सिंह, बृजेश चौहान, आशु सिकरवार, प्रीति अग्रवाल, निशा अग्रवाल, मोना अग्रवाल, निशु, गुल्लू, रुनझुन, पीहू, बाबू, अंशू आदि मौजूद रहे।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 7 तक

टीएनएफ टुडे, आगरा।

प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने अवगत कराया है कि जनपद के समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी परिषद की बेवसाइट पर आवेदन कर सकते है। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि बेवसाइट पर आवेदन में सहायता हेतु विवरण ई-फार्म में बेवसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन की अन्तिम तिथि अब 7 अगस्त तक बढा दी गई है।

# ई-ड्यूटी पास की वैधता को दी चुनौती

## कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार पर कार्रवाई की मांग

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ रनिंग कर्मचारियों के साथ घटित दो अत्यंत गंभीर एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की जानकारी दे रहा है। रनिंग कर्मचारियों को न केवल मानसिक प्रताड़ना एवं अपमान का सामना करना पड़ा, साथ ही साथ रेल कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न हुआ। ओपी सरस्वत एवं अमर शक्ति मुख्यालय आगरा छावनी ट्रेन से स्पेयर वर्किंग हेतु आगरा से बिवाई (बांदीकुई) जा रहे थे। दोनों कर्मचारियों के पास रेलवे द्वारा जारी वैध ई-ड्यूटी पास उपलब्ध था। किंतु नदबईझखैडली के मध्य रेलवे मजिस्ट्रेट चेकिंग के दौरान उनके ई-ड्यूटी पास को अमान्य करारा करते हुए रेलवे पहचान-पत्र आम यात्रियों के समक्ष जब्त किया। कर्मचारियों राहुल कुमार, देवपाल, अशोक कुमार, ललित कुमार, अतुल, दिनेश, अखिलेश, नरेंद्र कुमार, राजेश कुमार और कृष्णवीर सिंह को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस द्वारा स्पेयर ड्यूटी हेतु आगरा से पलवल भेजा जा रहा था। सभी को ऑन ड्यूटी टीटीई अजय कुमार (मुख्यालयझझाँसी /उ.म.रे.) द्वारा यह कहते हुए ट्रेन में यात्रा करने की अनुमति नहीं दी गई कि ई-ड्यूटी पास केवल आरक्षित टिकट पर ही यात्रा करने के लिए मान्य है। बिना आरक्षित टिकट के यात्रा नहीं कर सकते है। इससे कर्मचारियों को अपने निर्धारित कार्यस्थल पर समय से पहुँचने में कठिनाई हुई। प्रशासनिक कार्य भी अनावश्यक रूप से प्रभावित हुए।

यह अत्यंत गंभीर विषय है कि रेलवे द्वारा जारी ई-ड्यूटी पास की वैधता को लेकर विभिन्न चेकिंग अधिकारियों एवं टिकट जाँच कर्मचारियों में एकरूपता एवं स्पष्टता का अभाव दिखाई दे रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव सीधे रनिंग कर्मचारियों पर पड़ रहा है जो चौबीसों घंटे रेलवे परिचालन को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार की कार्रवाई से संबंधित कर्मचारियों को मानसिक आघात, अपमान एवं अनावश्यक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जो किसी भी सरकारी कर्मचारी के सम्मान एवं कार्य संस्कृति के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ ई-ड्यूटी पास की वैधता एवं उसके उपयोग के संबंध में वाणिज्य विभाग, विशेषकर टिकट चेकिंग स्टाफ एवं सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं लिखित दिशा-निर्देश तत्काल जारी करने की मांग करता है। जब्त किए गए संबंधित कर्मचारियों के रेलवे पहचान-पत्र तत्काल वापस दिलाए जाएँ।

### एडीजी एनसीसी ने छात्र नीरज को दी आर्थिक सहायता

आगरा। उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल गौरव गौतम, विशिष्ट सेवा मेडल ने जीआईसी के छात्र नीरज के आवास विकास स्थित घर पहुंचकर उसे आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने नीरज और उसके परिजनों का हालचाल भी जाना। इस दौरान 1 यूपी बटालियन आगरा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक जुयाल ने बताया कि एनसीसी कैडेट नीरज आर्थिक रूप से संपन्न नहीं है। परंतु अत्यंत प्रतिभाशाली है। कक्षा दस के बोर्ड एग्जाम में 72 प्रतिशत प्राप्त किये है। यह विद्यालय व एनसीसी की प्रत्येक एक्टिविटी में उत्साह पूर्वक भाग लेता है। इस अवसर पर एनसीसी आगरा ग्रुप के कमान्डर ब्रिगेडियर सुरेंद्र पाल यादव युद्ध सेवा मेडल भी मौजूद रहे।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# और मोदी को बोलना पड़ा

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं वर्षगांठ पर पाकिस्तान ने एक बार फिर पुराना राग अलापने की कोशिश की, लेकिन उसकी इस बदजुबानी का करारा जवाब खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि 5 अगस्त 2019 का ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए एक निर्णायक नए युग की शुरूआत था। उन्होंने दो टूक कहा कि बीते सात वर्षों में इन दोनों क्षेत्रों ने विकास, सुशासन और सामाजिक सशक्तिकरण के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया, जब पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व ने भारत के इस संवैधानिक फैसले को लेकर फिर से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विवाद खड़ा करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस वर्ष अनुच्छेद 370 हटाए जाने की वर्षगांठ इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के वर्ष में पड़ रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए डॉ. मुखर्जी ने जिस संकल्प का सपना देखा था, वह 5 अगस्त 2019 को साकार हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस दिन को भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता का स्वर्णिम दिवस बताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर ने पिछले सात वर्षों में आतंकवाद से शांति, अलगाववाद से एकीकरण और अस्थिरता से विकास की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने एक बार फिर 5 अगस्त को तथाकथित 'यौम-ए-इस्तेहसाल' के रूप में मनाते हुए भारत के खिलाफ बयानबाजी की। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दावा किया कि भारत ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को समाप्त कर अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीर के लोगों को अपना नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन जारी रखेगा तथा इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहेगा। दूसरी ओर, अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं को तेज गति मिली है। श्रीनगर को यूनेस्को क्रिएटिव सिटी और वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी जैसी वैश्विक पहचान मिली है। डल झील में संगीत फव्वारे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने क्षेत्र में बढ़े विश्वास और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की है। सड़क, रेल और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है, शिक्षा और उद्यमिता के नए अवसर पैदा हुए हैं तथा स्थानीय हस्तशिल्प और पर्यटन उद्योग को नई ऊर्जा मिली है। पत्थरबाजी खत्म हो गयी है, अलगाववादी टूट चुके हैं और आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। बहरहाल, सात वर्षों बाद तस्वीर बिल्कुल साफ है। एक ओर पाकिस्तान है, जो अपने अवैध कब्जे वाले कश्मीर में रहने वाले लोगों को ही दमन, इंटरनेट बंदी, बिजली कटौती और सैन्य कार्रवाई के साये में जीने को मजबूर कर रहा है, जबकि दूसरी ओर भारत का मुकुट जम्मू-कश्मीर है, जो विकास, निवेश, पर्यटन, रोजगार और सुशासन की नई पहचान बना रहा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया 5 अगस्त 2019 का ऐतिहासिक निर्णय केवल एक संवैधानिक बदलाव नहीं था, बल्कि जम्मू-कश्मीर को अलगाववाद और पिछड़ेपन के दौर से निकालकर विकास और राष्ट्रीय एकीकरण की मुख्यधारा में लाने वाला निर्णायक मोड़ साबित हुआ। यही वजह है कि आज पाकिस्तान के आरोपों से अधिक प्रभावशाली वह बदली हुई तस्वीर है, जिसे जम्मू-कश्मीर की धरती पर विकास, शांति और जनविश्वास के रूप में पूरी दुनिया देख रही है।

## इसे अनुशासन आत्मक कार्यवाही माने

दतिया में क्या बड़ा पहाड़ टूटा था दतिया तो पिछली बार 2023 में भी कांग्रेस जीती थी–इस बार भी जीत गई– कार्यवाही कहां पर होनी चाहिए यह जानना बहुत जरूरी है–आप यह जो कर रहे हैं यह फिर संगठन में डर पैदा करने के लिए कर रहे हैं–संगठन डर नहीं स्वच्छंद होकर जब चलते हैं–तब बहुत अच्छे परिणाम देते हैं। एक बार दूसरा दृश्य बांकीपुर का देखना चाहिए–वहां के विधायक नितिन नवीन जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया और वहां के कार्यकर्ताओं में कोई इस बात का स्वाभिमान नहीं आया क्योंकि वहां के कार्यकर्ताओं को भी यह लगता था कि यह कोई कार्यकर्ता का सम्मान नहीं किया सिर्फ संगठन पर कब्जा करने की नीति के अंतर्गत बनाए गए अध्यक्ष हैं अन्यथा ऐसा कैसे हो जाता है कि जहां का व्यक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गया हो उस जगह के कार्यकर्ताओं में इतना उत्साह भी नहीं हो की वोटिंग का प्रतिशत 35 रह गया! क्यों इस बात पर संगठन ने पहले चिंता नहीं की की वहां पर चुनाव अच्छे तरीके से लड़ा जाए। जब बड़े लोग अनुशासन में होते हैं तब नीचे अनुशासन आता है–बड़े यदि मनमानी करते दिखाई दें–तब नीचे अनुशासन नहीं डर आ सकता है जो कि है। फिलहाल कोई तरीका नहीं नजर आता कि सत्ता से संगठन को आजाद कैसे कराया जाए–संगठन अपना काम करें और सत्ता अपनी सत्ता चलाएं यह जरूरी बात है। परंतु ऐसा होगा नहीं–अंदर से कमजोर होते हैं उन्हें ताकत के जाने का डर बहुत होता है। आप मनमानी करेंगे और आप समझते हैं कि नीचे लोग गुलाम हैं–सम्राट चौधरी को आपने मुख्यमंत्री बनाया–वह भाजपा के पहले मुख्यमंत्री थे–मैं बिहार की राजनीति को कैलाशपति मिश्रा जी और अश्विनी जी के समय से जानता हूं–हिंदी आंदोलन के राज्यसभाओं के हस्ताक्षर अभियान में दोनों ने मेरा बहुत सहयोग किया था 1988 की बात है। उसके बाद विद्यार्थी परिषद में काम करने के कारण सुशील जी मोदी से बहुत निकट परिचय रहा बहुत प्रेम उन्होंने हमेशा दिया।और जो पहला मुख्यमंत्री बना वह भाजपा का ही नहीं था कब से भाजपा और जनसंघ बिहार में काम कर रहे हैं–और जो पहली बार मुख्यमंत्री बनाने की बात आई–तब आपने ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बना दिया जो हर दल में रहा हुआ है जो लाल के साथ रहा हुआ है जो नीतीश के दल में रहा हुआ है यही होता है अपने कार्यकर्ता से डर!

-अनाम

# उन्नत बचपन की पहली शर्त- स्वस्थ भोजन, स्वस्थ भविष्य

ललित गर्ग



विकसित भारत का स्वप्न केवल आधुनिक इमारतों, तेज अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचनाओं से पूरा नहीं होगा। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके बच्चे होते हैं। यदि बचपन स्वस्थ, संस्कारित, ऊर्जावान और मानसिक रूप से सुदृढ़ है, तो राष्ट्र का भविष्य स्वतः सुरक्षित हो जाता है। यदि बचपन ही अस्वस्थ, मोटापे, मधुमेह, कुपोषण और गलत खान-पान की आदतों से घिर जाए, तो विकास की पूरी अवधारणा खोखली सिद्ध होने लगती है। इसलिए बच्चों का स्वास्थ्य केवल स्वास्थ्य मंत्रालय का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के सभी स्कूलों और उनके आसपास जंक फूड की बिक्री, वितरण तथा प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय इसी व्यापक दृष्टि का परिचायक है। यह केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व का गंभीर संदेश है। यह स्वीकार करने का साहसिक प्रयास है कि बच्चों की सेहत बाजार के मुनाफे से कहीं अधिक मूल्यवान है। यदि यह निर्णय प्रभावी ढंग से लागू होता है तो यह पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है।बचपन की सबसे बड़ी आवश्यकता स्वाद नहीं, पोषण है। शरीर के विकास के साथ-साथ मस्तिष्क का तीव्र विकास भी बचपन में ही होता है। यदि इस अवस्था में बच्चों को संतुलित भोजन, ताजे फल, हरी सब्जियां, दूध, दालें, मोटे अनाज और प्राकृतिक खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में मिलें, तो उनका शारीरिक और मानसिक विकास कहीं अधिक प्रभावी होता है। इसके विपरीत जंक फूड क्षणिक स्वाद तो देता है, लेकिन शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं देता। परिणामस्वरूप बच्चा बाहर से स्वस्थ दिखाई देता है, किंतु भीतर से अनेक पोषण संबंधी कमियों का शिकार बनने लगता है। दुर्भाग्य यह है कि जंक फूड आज केवल भोजन नहीं रहा, बल्कि एक आक्रामक व्यावसायिक संस्कृति बन चुका है। विज्ञापनों के माध्यम से बच्चों के मन में यह धारणा बैठा दी गई है कि आधुनिकता का अर्थ पैकेटबंद भोजन है। लोकप्रिय खिलाड़ी, फिल्मी कलाकार और डिजिटल प्रभावक अनजाने में बच्चों को ऐसे उत्पादों की ओर आकर्षित करते हैं, जिनका अत्यधिक सेवन उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ऐसे में केवल परिवारों को दोष देना उचित नहीं होगा। सरकार, उद्योग, विद्यालय, अभिभावक और समाज-सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि जीवनशैली का निर्माण करने वाली प्रयोगशाला भी हैं। यदि स्कूल परिसर में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, पोषण शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए, विद्यालयों में रसोई बाग विकसित किए जाएं, बच्चों को स्वयं पौधे लगाने और प्राकृतिक भोजन के महत्व से जोड़ा जाए, तो यह परिवर्तन अधिक स्थायी होगा। केवल प्रतिबंध लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। स्वस्थ विकल्पों को स्वादिष्ट, आकर्षक और सुलभ बनाना भी उतना ही आवश्यक है। भारत की पारंपरिक भोजन संस्कृति विश्व की सबसे संतुलित और वैज्ञानिक भोजन प्रणालियों में मानी जाती है। बाजरा, ज्वार, रागी, दालें, छाछ, दही, अंकुरित अनाज, मौसमी फल, सब्जियां और घर का ताजा भोजन हमारे पूर्वजों की स्वस्थ जीवनशैली की पहचान रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आधुनिकता के नाम पर अपनी इस समृद्ध खाद्य संस्कृति को त्यागने के बजाय उसे नए स्वरूप में बच्चों तक पहुंचाएं। यदि विद्यालयों की कैंटीन में स्थानीय और पारंपरिक पौष्टिक व्यंजन उपलब्ध कराए जाएं, तो बच्चे धीरे-धीरे उसी स्वाद के अभ्यस्त हो सकते हैं।

यह भी समझना होगा कि जंक फूड का प्रश्न केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अस्वस्थ बचपन का अर्थ है भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता खर्च, कार्यक्षमता में कमी, उत्पादकता का ह्रास और राष्ट्रीय आय पर प्रतिकूल प्रभाव। आज यदि बच्चों के पोषण पर निवेश किया जाता है तो वह आने वाले दशकों में स्वस्थ, सक्षम और नवाचारी नागरिकों के रूप में अनेक गुना लाभ देता है। इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य पर खर्च को व्यय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे लाभकारी निवेश माना जाना चाहिए। अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि घर में ही पैकेटबंद स्नैक्स, शीतल पेय और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ नियमित रूप से उपलब्ध होंगे, तो बच्चे उनसे दूर नहीं रह पाएंगे। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि परिवार स्वयं संतुलित भोजन करेगा, साथ बैठकर भोजन करने की परंपरा विकसित करेगा और बच्चों को रसोई से जोड़कर भोजन बनाने की प्रक्रिया में सहभागी बनाएगा, तो उनमें स्वस्थ भोजन के प्रति स्वाभाविक रुचि विकसित होगी।

सरकारों को भी केवल स्कूलों तक सीमित न रहकर व्यापक नीति अपनानी होगी। बच्चों को लक्षित करने वाले भ्रामक खाद्य विज्ञापनों पर नियंत्रण, पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर स्पष्ट चेतावनी, अत्यधिक चीनी और नमक वाले उत्पादों की पहचान को सरल बनाना, खेल मैदानों की संख्या बढ़ाना, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण जागरूकता अभियान तथा स्थानीय स्तर पर सामुदायिक भागीदारी जैसे कदम समान रूप से आवश्यक हैं। यदि स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग मिलकर साझा रणनीति बनाएं तो परिणाम कहीं अधिक प्रभावी होंगे। आज समय की मांग है कि जंक फूड के विरुद्ध संघर्ष को केवल प्रतिबंध तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे स्वस्थ जीवनशैली के राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप दिया जाए। जिस प्रकार स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाया, उसी प्रकार स्वस्थ भोजन और पोषण को भी राष्ट्रीय जन-जागरण का विषय बनाया जाना चाहिए। बच्चों को यह समझाना होगा कि वास्तविक ऊर्जा किसी पैकेट में नहीं, बल्कि प्रकृति के निकट रहने वाले भोजन में छिपी है।

महाराष्ट्र सरकार का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह स्वीकार किया है कि बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राजनीतिक या आर्थिक हित से बड़ा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि देश के सभी राज्य इस दिशा में समान साहस और दूरदर्शिता दिखाएं। विकसित भारत की आधारशिला स्मार्ट शहर नहीं, बल्कि स्वस्थ बच्चे हैं। यदि बचपन सुरक्षित रहेगा तो भविष्य सुरक्षित रहेगा। यदि बच्चों की थाली पौष्टिक होगी तो राष्ट्र की प्रगति भी संतुलित होगी। आने वाले भारत की पहचान केवल तकनीकी शक्ति से नहीं, बल्कि स्वस्थ, सशक्त, अनुशासित और जागरूक नई पीढ़ी से होगी। इसलिए आज का सबसे बड़ा राष्ट्रीय संकल्प यही होना चाहिए कि हर बच्चे को ऐसा वातावरण मिले, जहाँ स्वाद से पहले स्वास्थ्य, सुविधा से पहले पोषण और तात्कालिक आकर्षण से पहले दीर्घकालिक जीवन-सुरक्षा को महत्व दिया जाए। यही उन्नत बचपन का मार्ग है और यही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव।

# बढ़ती गाद से यमुना में जल संकट

सुरेश भाई



बंदरपूंछ ग्लेशियर से आ रही यमुना उत्तराखंड, हिमाचल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से होते हुए 1326 किमी चलकर प्रयागराज में गंगा से मिल जाती है। लेकिन इसके उद्गम से नीचे की ओर लगभग 60 किमी की दूरी तक बाढ़ और भूस्खलन के लिए बेहद संवेदनशील बन गया है। पिछले वर्षों से लगातार यमुनोत्री जाने वाले तीर्थ यात्रियों का मुख्य पड़ाव स्याना चट्टी के पास कुपड़ा गाड़ से आ रहे मलवे ने तीन-चार बार यमुना के प्रवाह को रोककर झील बनायी है। जिसके कारण स्यानाचट्टी और इसके आसपास कुपड़ा, कुनसाला, तिरखली गांव के संपर्क पूरी तरह कट जाते हैं और अभी तक यहां झील बनने का भय लोगों को रात-दिन सता रहा है। ये गांव बार- बार पानी में डूब चुके है।अभी भी कुपड़ा गाड़ से लगातार आ रहा मलवा यहां जमा हो रहा है और स्याना चट्टी का निचला हिस्सा मलवे के नीचे दब रहा है।

पिछले वर्षों की भीषण आपदा में जब झील बनी तो प्रशासन और निर्माण एजेंसियों ने बड़ी मेहनत से जल निकासी की थी जिसके बाद यहां मलवे के ऊंचे- ऊंचे ढेर जमा हुए जो धीरे-धीरे निचले क्षेत्र की बबार्दी का कारण बन रहा है। बरसात छोड़कर साल भर के अन्य मौसम में देखेंगे तो यमुना में पानी की मात्रा बहुत कम रहती है।इसका कारण यह भी है कि बंदरपूछ ग्लेशियर अन्य ग्लेशियरों से अधिक तेजी से पिघल रहा है और इसके अलावा यमुना को फीडबैक करने वाली छोटी नदियों में पानी निरंतर घट रहा है। लेकिन मानसून के समय इन्हीं सहायक नदियों से यमुना में भारी मलवा एकत्रित हो रहा है। प्रदूषण, शोषण और अतिक्रमण का राज इस नदी पर वर्षों से बना हुआ है। जिससे भविष्य में उद्गम से ही और अधिक जल संकट बढ़ने की संभावना है।

यमुनोत्री जाने से पहले बड़कोट से आगे लगभग 24 किमी की दूरी तक बाढ़ के लिए संवेदनशील भौगोलिक संरचना को नजरअंदाज करते हुए सड़क चौड़ीकरण के दौरान अमूल्य मिट्टी और बोल्डरों को सीधे यमुना में उड़ेला गया।

सीधे खड़े पहाड़ों को जिस बेदर्दी से पोकलैंड और जेसीबी मशीनों ने काटा है उसके कारण यहां के पहाड़ कम बारिश में ही टूटने लगे हैं। इससे आगे भी पालीगाड से जानकी चट्टी के बीच तीन और डेंजर जोन दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा सिलाई बैंड,झझर गाड, जंगल चट्टी जैसे अनेकों स्थानों पर पहाड़ दरकने का भय बना हुआ है। मसूरी से होते हुए यमुना पुल से जानकी चट्टी के बीच में छोटे-बड़े भूस्खलन जोन बने हुए हैं। यह स्थिति सड़क चौड़ीकरण में पहाड़ों पर हुई अंधाधुंध छेड़छाड़ और पुराने पेड़ों को काटने का परिणाम है जिससे बार-बार सड़क मार्ग बाधित होता रहता है।और सुरक्षित यात्रा के नाम पर यात्रियों को बार-बार यमुनोत्री जाने के लिए रोकना पड़ता है। इन चिंताजनक स्थितियों के बीच महसूस होता है कि चौड़ी सड़क बनाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग और वन,पर्यावरण और जलवायु ,नमामि गंगे और आपदा प्रबंधन के संबंधित मंत्रालयों के बीच तालमेल की कमी है।जिस तरह की मॉनिटरिंग आपदा प्रबंधन को अन्य विभागों के साथ करना चाहिए था उसकी बेहद कमी नजर आती है। सीमा सड़क संगठन यहां की संवेदनशील भौगोलिक संरचना के लिए असहनीय बड़े निर्माण कार्यों में जुटा हुआ है। इस विषय पर सावधानी बरतने के लिए भूगर्भविदों की सलाह की भी अनदेखी का परिणाम है।

यमुना के ऊपरी क्षेत्र में पर्यावरण विनाश की गतिविधियां हाल के वर्षों में बहुत तेजी से बढी है। उत्तराखंड में यमुना पर बाढ़ और भूस्खलन से जितना संकट बढ़ रहा है। उससे कहीं अधिक मैदानी क्षेत्र में भी भीषण जल प्रलय के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं।यमुनानगर के पास हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी से दिल्ली तक भयंकर बाढ़ हर साल देखने को मिलती है। 1996- 99 में हथिनी कुंड बैराज का निर्माण किया गया था। जिससे पश्चिमी यमुना नहर और पूर्वी यमुना नहर के द्वारा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश को पानी की आपूर्ति की जाती है। मानसून के समय इसमें 38 हजार क्यूसेक से अधिक पानी जमा रहता है। जब इस बैराज में पानी भर जाता है तो यहां से लगभग 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है जो 48 से 72 घंटे के अंदर ही दिल्ली पहुंच जाता है। जिसके कारण दिल्ली और उत्तर प्रदेश के शहरों में भीषण बाढ़ के साथ अत्यधिक गंदा पानी, कचरा और सीवर सीधे बस्तियों में घुस जाता है। जहां लोगों को हर साल अपने बचने के लिए इधर-उधर शरण लेनी पड़ती है। जिस पर दिल्ली विश्वविद्यालय और ईसर भोपाल के द्वारा किए गए शोध बताते हैं कि यमुना का पाट करीब 68 प्रतिशत सिकुड़ गया है और बाढ़ वाले मैदान का एक तिहाई हिस्सा पूरी तरह गायब हो गया है। जिसका तात्पर्य है कि मानसून के समय हथिनी कुंड बैराज का पानी जल प्रलय की स्थिति खड़ी कर देता है लेकिन उसके बाद यमुना एक गंदे नाले के रूप में बहती है। यमुना के सीवर जैसे गंदे पानी का शोधन एसटीपी भी नहीं कर सकता है। लेकिन यमुना के जल ग्रहण क्षेत्र में ही अत्यधिक भूजल का दोहन करके पेयजल के रूप में उपयोग करने से तरह-तरह की बीमारियों हो रही हैं। अतः यमुना नदी में पानी की मात्रा मानसून के समय बढ़ जाती है लेकिन उसके बाद वह एक ऐसा नाला बन जाता है जहां देखना भी महामारी को आमंत्रित करने जैसा है। बैराज और तटबंधों के निर्माण के साथ बढ़ते शहरीकरण के अवैध कब्जों ने फ्लड प्लेन खत्म कर दिया है।यह स्थिति हथनी कुंड बैराज के बाद ही पैदा हो रही है। यमुना अपनी हजारों वर्ष पुरानी प्राकृतिक क्षमता लगभग खो चुकी है। गंगा की सबसे बड़ी नदी की जब यह हालात हो गई है तो गंगा कैसे बचेगी? जहां गंगा- जमुनी संस्कृति और सभ्यता के अस्तित्व पर भीषण जल प्रलय का खतरा है वहीं दूसरी ओर पानी का संकट भी बढ़ा रहा है। इन ज्वलंत सवालों पर लंबे समय तक खामोश रहकर चंद समय की सुख- सुविधाओं से कुछ हासिल नहीं होगा।

**(लेखक जाने-माने पर्यावरणविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 07 अगस्त 2026 भृगुवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

**प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।**



मार्गदर्शनः आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। भृगुवार का दिन साक्षात ऐश्वर्य की देवी महालक्ष्मी की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन लक्ष्मी जी को श्वेत पुष्प अर्पित करना तथा लक्ष्मी चालीसा या श्री सूक्त का वाचन करना जीवन में असीम वैभव आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। मां लक्ष्मी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। लक्ष्मी अष्टक का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। मां लक्ष्मी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊर्जावान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता महालक्ष्मी को सफेद पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सफेद चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में सफेद मिष्ठान का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। महालक्ष्मी कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। महालक्ष्मी मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। लक्ष्मी नारायण जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को हरी घास खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी लक्ष्मी मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

भृगुवार के दिन घर के मुख्य हॉल में पूर्व की दिशा में जल से भरा हुआ पीतल का कलश स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात महालक्ष्मी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# पुलिस के गुडवर्क पर व्यापारी आनंदित, एसएसपी का किया सम्मान

**हाईवे से व्यापारी की 25 लाख रुपया की लूट व गोवर्धन रोड से 1 करोड़ का सोना लूट का किया पदार्फाश**

- नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सहित तमाम संगठनों ने किया सम्मानित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



विगत दिनों हाईवे से प्लाईवुड व्यापारी की 25 लाख रुपया की लूट व गोवर्धन रोड से नगर के विभिन्न सराफा कारोबारी का लगभग 1 करोड़ का सोना लेकर जा रहे कोरियर कर्मचारी से हुई सोने की लूट का खुलासा व संपूर्ण रुपया व माल की बरामदगी व विगत दिनों करोड़ी मुड़िया पूनो मेले के सफल आयोजन के लिए नगर के विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार का स्वागत किया।

नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री शशिभानु गर्ग, रामलीला सभा के प्रधान मंत्री मूलचंद गर्ग, श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति के मंत्री व उद्योगपति अनिल मित्तल, भाजपा होली गेट मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल, श्री कृष्णजन्म स्थान व्यवसाय समिति व युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, ध्रुवघाट शमशान स्थल संचालन समिति के उपाध्यक्ष पराग गुप्ता, बृजवासी सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पुष्प गुच्छा, दुशाला, व पटका उड़ाकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा सभी सामाजिक व्यक्तियों को आश्वासन दिया गया कि प्रदेश सरकार की मंशाअनुसार व्यापारियों व आम नागरिकों की सुरक्षा पुलिस का प्रथम कार्य है। मथुरा धार्मिक क्षेत्र होने के कारण आने वाले लाखों करोड़ों श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो व पुलिस का व्यवहार उनके साथ मित्रवत रहे, यह उनकी प्राथमिकता रहती है। उन्होंने शीघ्र ही सभी सामाजिक व्यक्तियों व संस्थाओं के साथ बैठकर नगर की यातायात व्यवस्था व अन्य सुरक्षा उपायों के लिए बैठक करने की बात भी कही।

व्यापार मंडल के महामंत्री शशि भानु गर्ग ने बताया कि विगत दिनों हाईवे पर चंद्रका प्लाईवुड के कर्मचारियों से 25 लाख रूपया लूट कर ले जाने व गोवर्धन रोड पर नगर के विभिन्न सरार्फा व्यापारियों से लगभग एक करोड़ रूपया का सोना एकत्रित कर कोरियर कंपनी के माध्यम से ले जा रहे कर्मचारी से लूट के बाद व्यापारियों में दशहत व रोष व्याप्त था किंतु पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई कर शत प्रतिशत माल बरामद करने से व्यापारियों में हर्ष व विश्वास का माहौल बना है। इसी से उत्साहित होकर आज नगर की विभिन्न संस्थाओं व संगठनों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया गया। अपेक्षा की गई है कि इसी प्रकार पुलिस व व्यापारियों का समन्वय बना रहेगा।

# स्कूटी में मिली 2 करोड़ की हेरोइन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- अलीगढ से मथुरा में सप्लाई देने आये दोनों तस्कर गिरफ्तार

आगरा एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मथुरा में बडी कार्रवाई की है। मथुरा में 2 करोड़ की हेरोइन के साथ अलीगढ़ के 2 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी स्कूटी से हेरोइन लेकर मथुरा पहुंचे थे।

थाना हाईवे क्षेत्र में आगरा यूनिट मथुरा पुलिस के साथ मिलकर यह कार्यवाही की। स्कूटी से कुल 1172 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हैरोइन बरामद हुई। पुलिस ने स्कूटी को भी कब्जे में ले लिया है। थाना हाईवे पुलिस व एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट आगरा जोन आगरा की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर रात के करीब पौने दस बजे पाली खेड़ा चौराहा से आगे सलेमपुर पेट्रोल पम्प से करीब 100 मीटर पहले एक बंद पड़े मकान के सामने से इमरान पुत्र सिराज निवासी ऊपर कोट टीला, बोलीशाह मस्जिद के पास थाना ऊपरकोट जनपद अलीगढ़ व शहबाज पुत्र परवेज निवासी ऊपर कोट, टंकी वाली गली छोटी मस्जिद थाना ऊपरकोट जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार किया।

स्कूटी होण्डा एक्टिवा यूपी 81 डीएफ 0865 से ये दोनों तस्कर अलीगढ़ से मथुरा आये थे। कार्यवाही करने वाली टीम में क्षेत्राधिकारी उमेश पंवार, एएनटीएफ आपरेशन यूनिट आगरा जोन आगरा, क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कपिल थाना हाईवे, एसआई गौरव शर्मा एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स आगरा जोन आगरा, एसआई चन्द्रवीर सिंह चौकी प्रभारी मण्डी थाना हाईवे आदि शामिल रहे।



## ज्योति बनीं जिला प्रभारी एवं रश्मि चतुवेर्दी जिला अध्यक्ष, भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति में महिला प्रकोष्ठ का पुनर्गठन

टीएनएफ टुडे, मथुरा। भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति मथुरा द्वारा आज बसंत बिहारी जी मंदिर, स्वामी घाट, मथुरा में महिला प्रकोष्ठ के पुनर्गठन हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा के निदेर्शानुसार महिला टीम का पुनर्गठन किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री पंडित बंसीलाल शर्मा ने ज्योति चतुवेर्दी को महिला प्रकोष्ठ का जिला प्रभारी तथा रश्मि चतुवेर्दी को महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री पंडित बंसीलाल शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे संगठन को समाज से जोड़ते हुए सेवा, संस्कार एवं रचनात्मक कार्यों के माध्यम से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। समिति के उपाध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा कि संगठन में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले लोगों को ही जिम्मेदारियां दी जाएंगी। जो पदाधिकारी संगठन के कार्यों में सक्रिय नहीं रहेंगे, उनके स्थान पर नए एवं ऊजार्वान कार्यकताओं को अवसर दिया जाएगा, ताकि संगठन मजबूत बने और समाजहित में निरंतर कार्य करता रहे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री अजय शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति अब केवल शोभायात्राओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में अनेक रचनात्मक एवं जनहितकारी कार्य भी कर रही है। कार्यक्रम में पूजा चतुवेर्दी, तनुजा चतुवेर्दी, प्रीति , श्रद्धा , राजकुमारी, संत कुमार, पंडित महेश चतुवेर्दी, ध्रुव , यश , पार्थ , अंश चतुवेर्दी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेन में छूटे यात्री के बैग को जीआरपी ने किया बरामद




टीएनएफ ब्यूरो कासगंज। पैसेंजर ट्रेन की बोगी में छूटा यात्री के बैग को जीआरपी ने बरामद किया है, बरामद हुए बैग की उसके वास्तविक स्वामी को सौंपा है, पुलिस के प्रति यात्री ने आभार व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक जीआरपी आगरा के निर्देशन में चल रहे चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने बुधवार को प्रात: लगभग 11 बजे कासगंज जंक्शन के प्लेटफॉर्म एक पर चेकिंग के दौरान साधु राधे बाबा उर्फ शंकर पांडेय ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी कि उनका काले रंग का बैग कासगंजझ्रअछनेरा पैसेंजर में छूट गया है।बैग में आधार कार्ड, कमंडल, श्रीमद्भागवत गीता, लगभग 500 रुपये नकद, कपड़े तथा अन्य आवश्यक सामान रखा हुआ था।सूचना मिलते ही जीआरपी कासगंज पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अल्प समय में ट्रेन से बैग को समस्त सामान सहित सकुशल बरामद कर लिया।आवश्यक वैधानिक एवं कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद बैग उसके स्वामी राधे बाबा को सुपुर्द कर दिया गया। अपना सामान सुरक्षित वापस मिलने पर राधे बाबा ने जीआरपी कासगंज पुलिस की त्वरित कार्यशैली, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# कॉलेज छात्र की गला रेतकर हत्या, जंगल में मिला शव

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।



थाना जैत क्षेत्र के धोरेरा जंगल में बुधवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त गोवर्धन थाना क्षेत्र के नीमगांव निवासी विपिन के रूप में की। प्रारंभिक जांच में युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है।

पुलिस के अनुसार, विपिन संस्कृति विश्वविद्यालय में बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी) अंतिम वर्ष का छात्र था। मृतक के चाचा नेत्रपाल ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की और गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार को उसका शव जैत क्षेत्र के धोरेरा जंगल में मिला।

मृतक के शरीर पर चोटों के कई निशान भी मिले हैं। सीओ सदर ने बताया कि परिजनों से तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

# 10 से 12 तक तिरंगा यात्राएं निकालेगी भाजपा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- 13 से 15 तक घर-घर तिरंगा फहराने का आहवान
- हर घर तिरंगा अभियान में जुटेंगे भाजपाई, अभियान पर हुई चर्चा

भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा बुधवार को पुष्पांजलि स्थित जिला कार्यालय पर आगामी तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान की व्यापक तैयारियों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत बनाए। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने बताया कि 10 से 12 अगस्त तक महानगर के सभी मंडलों एवं शहरी वार्डों में मंडल स्तरीय तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके उपरांत 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर भव्य जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। इस दौरान देश विभाजन की पीड़ा को स्मरण करते हुए विभाजन के समय अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे।

जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक शहर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक से अपने घर, कार्यालय, प्रतिष्ठान एवं संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया जाएगा। इस अवसर पर महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी विनीत शर्मा ज्ञानेंद्र राणा रामकिशन पाठक संजय शर्मा ललित गौतम सुनीता उपाध्याय मलय राठौर ठा. सुरेंद्र सिंह प्रधान जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा मनोज ठाकुर सौनोठ कल्पना गर्ग के के गौतम मोहन भारद्वाज परशुराम सिंह योगेश आभा सुधांशु खंडेलवाल बृजेश अहेरिया बलराम शर्मा अजय सिंह राजावत हाकिम सिंह टीटू लोकेश तायल जितेंद्र वार्ष्णेय लोकेश निषाद कान्हा शर्मा सतेंद्र सिरोही सुनील तरकर संत कुमार शर्मा सतेंद्र चौधरी यतेंद्र फौजदार आदि मौजूद थे।



## गो-पालन एवं स्वच्छता को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

टीएनएफ टुडे,कासगंज। विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में 28 पशुपालकों को गो-पालन योजना के अंतर्गत चयन-पत्र एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने उपस्थित पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन अपनाने का आह्वान किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में खुरपका-मुंहपका रोग, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन तथा नन्द बाबा दुग्ध मिशन सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में डॉ. सुशील कुमार, डॉ. गौरव वर्मा एवं डॉ. चंचल राजपूत ने पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, दुग्ध गुणवत्ता एवं स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर कुलदीप शर्मा, इन्द्रजीत भट्ट, हरीश चन्द्र, निशांत शर्मा, अरविंद कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं पशुपालक उपस्थित रहे।

# उपचार के दौरान ग्यारह वर्षीय बालका की मौत

- झोलाछाप पर इलाज में लापरवाही का आरोप

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

थाना सोरों क्षेत्र के गांव मल्हानगर में लगभग ग्यारह वर्षीय बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई, परिजनों ने झोलाछाप पर उपचार ने लापरवाही बरतने और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है।

गांव मल्हानगर निवासी साकेश के ग्यारह वर्षीय पुत्र जीतू की तबियत खराब थी अचानक उसे उपल्टियां होने लगी थी परिजन उसे उपचार के लिए गांव के ही झोला छाप के यहां ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का अक्रोश फुट पड़ा। पिता का आरोप है किचिकित्सक द्वारा इलाज में घोर लापरवाही की गई झोलाछाप द्वारा इंजेक्शन दिए जाने के बाद ही बालक ही हालत बिगड़ गई और झोला छाप की लापरवाही से ही बालक की जान चली गई। परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली सोरों पुलिस को दी।पुलिस के मुताबिक मामले ने अभी कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# पशुधन विकास एवं अनुसंधान को मिलेगी नई दिशा

- दुवासु ने राजस्थान लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड और सीएसआईआर-सीमैप के साथ किए दो एमओयू

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (डुवासु), मथुरा ने कुलपति डॉ. अभिजित मित्र के दूरदर्शी नेतृत्व में पशुधन विकास, प्रजनन जैव-प्रौद्योगिकी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों पर आधारित पशु चिकित्सा अनुसंधान तथा वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इनमें राजस्थान लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड (आरएलडीबी), जयपुर तथा सीएसआईआरझ्रकेंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर-सीमैप), लखनऊ के साथ रणनीतिक साझेदारी स्थापित की गई है। दोनों एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. ए. के. मदान, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. विकास पाठक तथा प्रसार शिक्षा निदेशक प्रो. संजीव सिंह ने हस्ताक्षर किए। राजस्थान लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड, जयपुर की ओर से डॉ. प्रीतपाल सिंह कालरा, प्रबंधक तथा डॉ. मनीष कुमार गर्ग, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के अंतर्गत बकरी वीर्य उत्पादन कार्यक्रमों को विकसित एवं सुदृढ़ करने, बकरी वीर्य उत्पादन केंद्रों की स्थापना एवं संचालन हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करने तथा पशु चिकित्साधिकारियों, पैरा-वेट्स एवं पशुपालकों के लिए वैज्ञानिक पशुपालन एवं प्रजनन तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सीएसआईआरझ्रसीमैप, लखनऊ की ओर से संस्थान के निदेशक की ओर से डॉ. देबब्रत चंदा, वैज्ञानिक-एफ, इंटरनेशनल फेलो (आईसीएमआर-डीएचआर) एवं डीबीटी-क्रेस्ट पोस्टडॉक्टोरल फेलो, किंग्स कॉलेज लंदन ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# लायंस क्लब कासगंज गोल्ड की नई कार्यकारिणी का सम्मान

**संगठन को और अधिक गतिशील बनाने पर किया गया मंथन**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



लायंस क्लब कासगंज गोल्ड की मासिक बैठक नदरई गेट स्थित एक होटल में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की वंदना के साथ हुआ। नए सदस्योंएवं कार्यकारणी के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष मनोज सिंघल ने वर्ष 2025-26 में क्लब द्वारा किए गए विभिन्न समाजसेवी कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया । क्लब के कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर माहेश्वरी ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जबकि पूर्व सचिव पंकज अग्रवाल ने विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजकों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव दिनेश गर्ग, कोषाध्यक्ष रिंकू अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव गोपाल मराठा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही चयन समिति द्वारा मनोनीत नए सदस्यों मनीष अग्रवाल, प्रकाश माहेश्वरी एवं दीपेश अग्रवाल का क्लब परिवार में आत्मीय स्वागत किया गया।

पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने आगामी सेवा परियोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। सचिव दिनेश गर्ग ने बताया कि क्लब द्वारा 9 अगस्त को वृक्षारोपण अभियान तथा 15 अगस्त को नगर के विभिन्न विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण भी किया जाएगा।

बैठक में सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक का संचालन अखिलेश अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, चंद्रशेखर माहेश्वरी, रिंकू अग्रवाल,अनूप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सौरभ सिंघल, अंकिश अग्रवाल,गोपाल मराठा,नितिन अग्रवाल,दिनेश गर्ग,विकास अग्रवाल,शैलेश गर्ग,सीता राम अग्रवाल,संभव जैन,मनीष अग्रवाल,तनु अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,मयंक बिड़ला,पीयूष गर्ग,सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**टीएनएफ ब्यूरो कासगंज।** शहर के मुहल्ला नाथूराम लवकुश नगर में पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी करली। शहर के लव कुश नगर निवासी मुकेश कुमार का 32वर्षीय पुत्र शिवम शाम को शराब का सेवन कर घर आया था।आए दिन वह शराब पीकर है घर आता था . मंगलवार को भी शिवम नशे की हालत में घर पहुँच पुत्र को नशे की हालत में देख पीटा ने डांट दिया। पिता की डांट के बाद वह अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बात घर का अन्य सदस्य कमरे में गया तो यह देखकर उसकी चीख निकल गई, शिवम फंदे पर झूल रहा था, परिवार में चीखपुकार मच गई आवाज सुनकर आसपास के लोग मुकेश के घर आ गए। शिवम को फंदे से उतार कर जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

# नियमों का सख्ती से पालन करें ई रिक्शा और ऑटो चालक



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- कांवड़ यात्रा के दौरान कावड़ियों को न होने पाए कोई दिक्कत
- इंस्पेक्टर ने ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों के साथ किया संवाद

जिले में चल रही सावन मास की एम यात्रा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था बनी रही इसके लिए इंस्पेक्टर ने ई रिक्शा और ऑटो चालकों के साथ संवाद कर निर्देश दिए।

शहर के रोडवेज बस स्टैंड के समीप ई रिक्शा और ऑटो चालकों से संवाद करते हुए इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने यातायात व्यवस्था बनाने के उदेश से वाहनों के संचालन के लिए रोडमैप लागू किया गया है। जिसका सभी को पालन करना है यातायात व्यवस्था किसी भी कीमत पर न बिगड़े इसके लिये नियमों का पालन करें। कावड़ियों की संख्या अधिक होने पर मुख्य बाजार ने वाहन ले जाने से बचे वाहनों को इधर उधर खड़ा न करें नियमों की अनदेखी महंगी पड़ेगी, कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की। इंस्पेक्टर ने कहा कि रोडवेज बस स्टैंड के सामने वाहनों को खड़ा न करें जिससे यहाँ यातायात अवरोध न हो।

## 9 से 17 तक घर-घर तिरंगा फहराएं: डीएम, विभाजन विभीषिका स्मृति एवं स्वतंत्रता दिवस की करें तैयारियां




टीएनएफ ब्यूरो कासगंज। डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुई, डीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए व्यापारियों से अपील की। डीएम प्रणय सिंह ने कहा कि 09 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घर, सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थान, शिक्षण संस्थान, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। अभियान में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम एवं देश विभाजन के दौरान बलिदान देने वाले लोगों की स्मृति में संगोष्ठी, निबंध, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीएम ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान दिलाना और आने वाली पीढ़ी युवाओं की भावना को जागृत करना है बैठक के विभिन विभागों के प्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल के लोग मौजूद रहे।

# समाजवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प, जनेश्वर मिश्र जयंती मनाई

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।




समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय मैनपुरी में बुधवार को प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं छोटे लोहिया के नाम से विख्यात पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री आलोक कुमार शाक्य ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव रामनारायण बाघम ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सोबरन सिंह यादव रहे। उन्होंने जिलाध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ पंडित जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्र का संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और सिद्धांत आज भी समाजवादी कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यकताओं से जनेश्वर मिश्र के बताए मार्ग पर चलकर समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री आलोक कुमार शाक्य ने कहा कि छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की। उन्होंने किसानों के अधिकारों की लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाया। उनका संघर्षपूर्ण जीवन प्रत्येक समाजवादी कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा है।

जिला महासचिव रामनारायण बाघम ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनेश्वर मिश्र के विचारों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वीरेंद्र प्रताप तिवारी, अनुज दीक्षित, जय सिंह कश्यप, देवेंद्र सिंह यादव, नूप चौधरी, सुखवीर सिंह यादव, सुरेश चंद्र यादव, राजेंद्र सिंह यादव, सफी मंसूरी, सोफो सिंह यादव, पूर्व विधायक मुनीष जी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज होगी 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक

**मैनपुरी।** स्वतंत्रता दिवस एवं "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक 6 अगस्त को अपराह्न 4:30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह तथा "हर घर तिरंगा" अभियान की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं विभागों से सुझाव और विचार भी आमंत्रित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव एवं विचार प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि राष्ट्रीय पर्व को उत्साह, सम्मान और जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके।

# करहल में दिनभर रिमझिम बारिश, मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से मिली राहत

टीएनएफ टुडे, करहल।



बुधवार को करहल क्षेत्र में दिनभर रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा। लगातार हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे। धान सहित अन्य खरीफ फसलों के लिए यह वर्षा लाभदायक मानी जा रही है। वहीं दूसरी ओर नगर क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। करहल की कई गलियां पानी से लबालब भर गईं, जिससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

तहसील परिसर भी बारिश के पानी से जलमग्न हो गया। परिसर में जगह-जगह पानी भर जाने से वादकारियों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को आने-जाने में दिक्कत हुई। लोगों ने जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग करते हुए कहा कि हर वर्ष बारिश में यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया जाता।

नगरवासियों का कहना है कि बारिश से जहां मौसम सुहावना हुआ और गर्मी से राहत मिली, वहीं जलभराव ने नगर की व्यवस्थाओं की पोल भी खोल दी। लोगों ने प्रशासन से नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या से राहत मिल सके।

## भारी बारिश से रानीपुर में जलभराव, मंदिर व स्कूल परिसर में घुसा पानी



**करहल।** क्षेत्र के ग्राम रानीपुर में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव के मंदिर, विद्यालय परिसर तथा कई सार्वजनिक स्थानों पर बारिश का पानी भर जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने और नालियों की सफाई लंबे समय से न होने के कारण हालात और भी खराब हो गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की नालियां गंदगी से पूरी तरह चोक पड़ी हैं, जिससे बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा है। परिणामस्वरूप मंदिर परिसर और स्कूलों में पानी भर गया है। विद्यालय में जलभराव होने से बच्चों और शिक्षकों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है, वहीं मंदिर में श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत से नालियों की सफाई कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि जल्द पानी की निकासी और सफाई नहीं कराई गई तो संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव की नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए। मांग करने बाले मनीष दुबे, पवन मिश्रा, आलोक मिश्रा, छोटे शर्मा, श्रवण बाथम, सर्वेश बाथम, आशा देवी समेत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से इंटर की छात्रा की मौत

### अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज

टीएनएफ टुडे, करहल/मैनपुरी।

करहल चौराहे के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से इंटर की एक छात्रा की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कुर्रा क्षेत्र के ग्राम लहरा निवासी सतीश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री, जो मैनपुरी के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा थी, 30 जुलाई 2026 की सुबह करहल चौराहे के पास ऑटो का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान मैनपुरी की ओर से आ रही बस संख्या वढ 79 ळ 5917 के चालक ने तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए छात्रा को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रा को उपचार के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसी दिन लगभग 11 बजे उसकी मृत्यु हो गई। मृतका के पिता ने बताया कि अंतिम संस्कार एवं रिश्तेदारों के आने-जाने के कारण समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। बाद में थाना कुर्रा पहुंचकर अज्ञात बस चालक के खिलाफ तहरीर दी गई।

पुलिस ने बस संख्या के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि बस और चालक की पहचान कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस ने संगठन मजबूत करने और जनसमस्याओं पर संघर्ष का लिया संकल्प

**फिरोजाबाद।** कोहिनूर रोड स्थित एक संगठनात्मक बैठक में कांग्रेस नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कांग्रेस की विचारधारा को देशहित में आवश्यक बताया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आजाद बैग ने कहा कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम में त्याग और बलिदान देकर देश को आजादी दिलाई और उसके निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकारें देश की सार्वजनिक संपत्तियों का निजीकरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं, महिलाओं और देश के सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर सत्ता में बने रहने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

# मोटामल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में शिव चरित्र व भोले बाबा के विवाह प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

टीएनएफ टुडे, करहल।



कस्बा करहल स्थित मोटामल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास शास्त्री माधव ने भगवान शिव के दिव्य चरित्र तथा भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के पावन विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथा के दौरान शास्त्री माधव ने कहा कि भगवान शिव त्याग, तपस्या, करुणा और सरलता के प्रतीक हैं। उनका जीवन मानव समाज को सादगी, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने माता पार्वती की कठोर तपस्या और भगवान शिव से उनके दिव्य विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सच्ची भक्ति और अटूट विश्वास से ईश्वर की कृपा अवश्य प्राप्त होती है।

कथावाचन के दौरान शास्त्री माधव ने भजनों और आध्यात्मिक प्रसंगों के माध्यम से ऐसा वातावरण बनाया कि श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। पूरा पंडाल "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से गूंज उठा। कथा सुनने के लिए महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

कथा के अंत में शास्त्री माधव ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को संस्कारित करने का माध्यम है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सत्य, सेवा, सदाचार और ईश्वर भक्ति को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन निर्धारित समय पर आयोजित की जा रही है, जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया और भगवान का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।



## नामजद आरोपियों ने युवक को घेरकर की मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की दी धमकी

**करहल।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर निवासी अवनीश कुमार पुत्र ओम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने ससुराल (सजियर) जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे नामजद आरोपियों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शटरिंग के दौरान हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत, मचा कोहराम

**शिकोहाबाद ।** स्टेशन के निकट स्थित मोहल्ला स्वामी नगर में मकान में शटरिंग का काम करने वाले एक श्रमिक द्वारा मशीन चलाने के लिए डाली केबिल हाइटेंशन लाइन पर गिर गई। हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने श्रमिक की मौत हो गई। इसके बाद ठेकेदार उक्त श्रमिक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मैडिकल कॉलेज भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोपाली 40 साल पुत्र राधेश्याम निवासी मोहिनीपुर, शिकोहाबाद ठेकेदार कल्लू के यहां शटरिंग का काम करता था । वह बुधवार की सुबह स्वामी नगर के एक पुलिसकर्मी के यहां पर सटरिंग का काम कर रहा था । इस दौरान श्रमिक ने ट्रांसफार्मर से लकड़ी की कटिंग के लिए मशीन चालू करने के लिए 440 वोल्टेज की लाइन पर केवल डाली लेकिन वह केबल जाकर हाइटेंशन लाइन पर गिर पड़ी। जिससे श्रमिक को जोरदार झटका लगा। श्रमिक मौके पर ही अचेत हो गया। जब लोगों ने घटना देखी तो उस बचाने के लिए दौड़ पड़े। सूचना पर ठेकेदार कल्लू भी पहुंच गया। सभी लोग अचेत श्रमिक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही उसके परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## मतदान बूथ को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, की मांग

**शिकोहाबाद ।** नीम खेरिया के ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को शिकायती पत्र देकर बूथ को निर्धारित स्थान पर बनाए रखने की गुहार लगाई है। नीम खेरिया में मतदाताओं की संख्या 781 है, जबकि नगला कन्ही में मतदाताओं की संख्या 271 है । वही ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत नीम खेरिया के उच्च प्राथमिक, प्राथमिक विद्यालय नीम खेरिया नगला कन्ही दोनों गाँवों के अलग अलग मतदान केन्द्र बना दिया है। जोकि नीम खेरिया के मजरा नगला कन्ही पर स्थित है। मतदान केन्द्र 20 के मतदान स्थल 35 को 271 मतदाताओं के लिए बना दिया गया है। जबकि ग्राम नीम खेरिया में मतदान केन्द्र 21 मतदान स्थल 36 को 781 मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथ बनाया गया है। जो पूरी तरह से ठीक है। लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए मतदान केन्द्र बनाया जाता रहा है। गॉव नीम खेरिया में दलित आबादी अधिक है। ग्रामीणों का आरोप न कि ग्राम प्रधान एवं अन्य लोगों के द्वारा शासन प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों को गलत एवं भ्रामक सूचना देकर बूथ को बदलने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने नीम खेरिया का वर्तमान प्रधान /प्रशासक पर दबंग होने का आरोप लगाया। प्रधान का घर नगला कंही के बूथ के पास लगा हुआ है। इसलिए वह मतदान केंद्र बनाना चाहते है। जिससे वह मतदाताओं को प्रभावित कर सके।

## महाकाल कांवड़ यात्रा के शहर में पहुँचने पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**शिकोहाबाद / जसराना ।** शिकोहाबाद नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ आज बुधवार को महाकाल भगवान शिवजी की कांवड़ यात्रा निकाली गई। भगवान शिव की रथ कांवड़ यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही लोगों ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। नगर के शिवभक्त मंगलवार को सोरों से भगवान आदियोगी शिव को रथ पर सवार कर कांवड़ यात्रा लेने के लिए गए थे। कांवड़ बुधवार को सोरों से शिकोहाबाद पहुंची। महाकाल की कांवड़ एटा चौराहे पर पहुंचते ही लोगों ने भगवान शिव पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भक्तगण महाकाल के रथ को धक्का देकर पुण्यलाभ कमा रहे थे। महाकाल की कांवड़ चौमुखी महादेव मंदिर पर पहुंची, जहां चौमुखी महादेव पर कांवड़ चढ़ाई गई। उसके बाद कांवड़ यात्रा टुइया वाले शिवमंदिर मेला बाग पहुंची। जहां भगवान शिव को कांवड़ अर्पित की गई। महाकाल कांवड़ के दौरान पूरा नहर बम बम भोले के जयकारे से गूंज उठा। इस दौरान हिमांशु गुप्ता, राजेश यादव, कुनाल गुप्ता, छोटू, सुगंध बंसल, सीए विकास गुप्ता, सचिन राठौर, आर्यन, अर्पित, पंकज यादव, गोलू के अलावा बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। वहीं जसराना में मार्ग पर महाकाल कावड़ रथ यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालु अंशुल और हिमांशु गुप्ता ने बताया कि वह सोरों से पवित्र कावड़ लेकर आ रहे हैं। यात्रा में करीब 500 श्रद्धालु शामिल रहे। इस मौके पर जसराना व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष नवीन शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, जसराना चेयरमैन राजीव गुप्ता, अमित मोहन, ललित गुप्ता, संदीप शर्मा, आकाश महेश्वरी, दिनेश लोधी, वरुण गुप्ता, सुमित मोहन, संजय गुप्ता, नवीन कुमार आदि थे । वहीं प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ रहे ।

# सभासदों व नगरवासियों ने धूमधाम से मनाया करहल चेयरमैन का जन्मदिन

### फूल-मालाओं से किया स्वागत, पगड़ी पहनाकर व केक काटकर दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

टीएनएफ टुडे, करहल।



नगर पंचायत करहल में चेयरमैन के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभासदों, नगरवासियों तथा समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर, पगड़ी व पटका पहनाकर चेयरमैन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में केक काटकर सभी ने उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

सुबह से ही नगर पंचायत कार्यालय एवं कार्यक्रम स्थल पर शुभचिंतकों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों का बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। लोगों ने चेयरमैन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर करहल नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी अब्दुल नईम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे करहल के विकास के लिए हर समय प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास, बेहतर मूलभूत सुविधाओं और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए करहल को नई पहचान दिलाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और नगर के विकास में नए आयाम जोड़े जाएंगे।

## चंदन पांडेय के जन्मदिन पर 55 पौधे लगाए, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**फिरोजाबाद।** स्वदेशी समाज सेवा समिति के तत्वावधान में औषधि उपवन डबरई एवं पर्यावरणीय एवं आध्यात्मिक वन मां रुद्राणी धाम, रूरिया (सिरसागंज) में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त चंदन पांडेय के 55वें जन्मदिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रुद्राक्ष, चंदन, तेजपत्ता, दालचीनी, गुड़हल, कनेर और तिकोमा सहित 55 पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में सहायक आयुक्त चंदन पांडेय, विवेक यादव 'रुद्राक्ष मैन', मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. तूलिका शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद्र, विनोद वर्मा, संदीप कुमार, यशपाल सिंह, अनिल यादव एवं जितेंद्र कुमार सिंह ने पौधरोपण किया।

इस अवसर पर चंदन पांडेय ने कहा कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि हमारा संबंध है। जड़ी-बूटियां केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि धरती मां की करुणा का साकार स्वरूप हैं।

## डीएम ने कस्तूरबा विद्यालय व डायट नगला अमान का किया औचक निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ब्लॉक नारखी, नगला अमान, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नगला अमान का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने पठन-पाठन की व्यवस्था, छात्राओं की सुरक्षा, परिसर की साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता व स्वाद की जांच की। स्मार्ट क्लास का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तकनीकी एवं आधुनिक शिक्षा का है। छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर उनकी शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार किया जाए।

सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को परिसर में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं की सुरक्षा और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी ने छात्राओं को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने तथा उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद उन्होंने डायट नगला अमान में बाल वाटिका एवं निमार्णाधीन भवनों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री आवास योजना में लापरवाही पर डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2026-27 की समीक्षा करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को समय पर आवास की स्वीकृति और पहली किस्त की धनराशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना गरीब, निराश्रित, विधवा, दिव्यांग, घुमंतू नट जनजाति और आपदा प्रभावित परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही है। ऐसे में सभी पात्र लोगों तक योजना का लाभ समय पर पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

समीक्षा में बताया गया कि जनपद को 1427 आवासों का लक्ष्य मिला है। इनमें 814 लाभार्थियों का पंजीकरण और 642 की जीओ टैगिंग हो चुकी है, जबकि अब तक 307 आवासों की ही स्वीकृति हुई है। फिरोजाबाद, एका और खैरगढ़ ब्लॉक में प्रगति धीमी मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

उन्होंने निर्देश दिए कि अगले तीन दिनों में सभी पंजीकृत लाभार्थियों की जीओ टैगिंग और आवास स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाए।

# जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन, 28 लाभार्थियों को मिले चयन पत्र

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



विकास भवन सभागार, दबरई में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय प्रभारी दुग्ध विकास राघवेन्द्र सिंह ने किया।

कार्यक्रम में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री गोसंवर्धन योजना, मिनी नंदनी कृषक समृद्धि योजना, नंदनी कृषक समृद्धि योजना, उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022, चारा प्रबंधन प्रोत्साहन नीति तथा पशुपालन विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान मुख्यमंत्री स्वदेशी गोसंवर्धन योजना 2026-27 के तहत चयनित 14 महिला एवं 14 पुरुष लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने चयन पत्र एवं गाय खरीदने के लिए अनुमति पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम में एनबीडीएम के नोडल अधिकारी राम बाबू, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक आनंद कुमार, क्रय-विक्रय समिति टूंडला के अध्यक्ष मुकेश धामा, नाबार्ड, एलडीएम, जिला सहकारी बैंक, इंडियन बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों, पशुपालन विभाग के अधिकारियों तथा नंद बाबा दुग्ध मिशन के लाभार्थियों ने भाग लिया।


# माया टाकीज रोड पर लीकेज, जलभराव और गहरे गड्ढों से राहगीर परेशान

## पुलिया पर ट्रक फंसने से लगा जाम

■ सभासद अजय राज ने समस्या का समाधान कराने की उठाई मांग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।





नगर पालिका क्षेत्र के ढकपुरा रोड पर इन दिनों लीकेज, जलभराव, जर्जर सड़क और जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति के चलते आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। सभासद अजय राज ने बताया कि भूरापीर माया टाकीज से ढ़कपुरा रोड तक अनेकों जगह पानी के लीकेज के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लंबे समय से सड़क की मरम्मत न होने के कारण कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जलभराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है।

वहीं बारिश के मौसम मे नाले की पुलिया पर एक ट्रक फंस गया, जिसके चलते सड़क पर जाम लग गया। काफी देर तक वाहन जाम में फंसे रहे और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जेसीबी की मदद से ट्रक को मुश्किल से ट्रक को गड्डे मे से निकाला गया था, जिसके बाद यातायात सुचारु हो पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की हालत खराब होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन में भी परेशानी हो रही है।

क्षेत्रीय सभासद अजय राज ने प्रशासन और नगर पालिका अधिकारियों से सड़क पर हो रहे लीकेज को तत्काल ठीक कराने, जलभराव की समस्या दूर करने तथा जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सभासद ने प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की गुहार लगाई है।

## फोन पर धमकी देने वाला हिस्ट्रीशीटर पुलिस ने दबोचा

**अलीगढ़।** थाना सासनी गेट पुलिस ने फोन पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वायरल ऑडियो का संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की है।

थाना सासनी गेट पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी सहायता से सासनी गेट क्षेत्र से ही आरोपी यश उर्फ कान्हा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सासनी गेट का हिस्ट्रीशीटर विधिक कार्रवाई प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त यश उर्फ कान्हा शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने संबंधी वायरल ऑडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए तहरीर प्राप्त की गई और सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## विकासखंड मुरसान में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक का आयोजन किया गया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।




बुधवार को जनपद हाथरस के विकासखंड मुरसान के सभागार कक्ष में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ/बाल विवाह टास्कफोर्स की बैठक/प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खण्ड विकास अधिकारी श्री नरेंद्र शर्मा ने एनआरएलएम का परिचय प्रदान करते हुए समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने तथा जरूरतमंद बच्चों व महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ कर लाभान्वित कराने हेतु प्रेरित किया साथ ही अपने घर, परिवार, कार्यक्षेत्र के आस पास सभी बालक बालिकाओं को टीवी फोन आदि से दुर रखते हुए अच्छे संस्कार प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री भीष्म नारायण सिंह ने आंगनवाड़ियों को समस्त सरकारी योजनाओ के संबंध में पात्र व्यक्तियों को जानकारी प्रदान करने हेतु प्रेरित किया।

महिला कल्याण विभाग से डीएमसी श्रीमती मोनिका दीक्षित द्वारा बेटियों को आगे बढ़ने के पूरे अवसर प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही महिलाओ एवं बच्चों से संबंधित समस्त योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई एवं बाल सम्मान कोष, 181 महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, किशोर न्याय अधिनियम 2015, बालश्रम, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा आदि की विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत हम सबको बालिकाओं और महिलाओं के प्रति हो रहे सामाजिक भेदभाव को खत्म करना है तथा 1098, 112 की जानकारी प्रदान की गई।

विशेष दत्तक ग्रहण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती प्रीती गोयल ने बच्चे को गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया के विषय में विस्तार से बताया।

सुपरवाइजर श्रीमती शशिप्रभा ने उपस्थित आंगनबाड़ियों को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अधिक से अधिक आवेदन कराए जाने एवं ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक का कार्यवृत्त प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से बंटी कुशवाहा तथा मुरसान विकासखंड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित रही।

# हरियाली तीज महोत्सव पर मेंहदी प्रतियोगिता का होगा आयोजन




टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।

हाथरस युवा जोश (ग्रुप) चेरेटेबिल सोसाइटी रजि. हाथरस द्वारा हरियाली तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में बालिकाओं एवं युवतियों के लिए मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन 9 अगस्त 2026 (रविवार) को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक सेंट जॉन्स स्कूल, मोहनगंज, घंटाघर, हाथरस में किया जाएगा।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन के संबंध में बुधवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष योगेश वार्ष्णेय (सहपऊ वाले) ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हरियाली तीज महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाली यह मेंहदी प्रतियोगिता भी बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने का एक प्रयास है।

सेंट जॉन्स स्कूल की संचालिका सुचेता जॉन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की तथा अधिक से अधिक छात्राओं एवं युवतियों से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का आग्रह किया।

प्रेस वार्ता के दौरान संस्था के अध्यक्ष योगेश वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष अनिल वार्ष्णेय, स्कूल संचालिका सुचेता जॉन, प्रिया शर्मा, नीतू वर्मा, विपिन सिंह, कशिश, चंदन वार्ष्णेय सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम की हुई समीक्षा

**एटा।** मंगलवार को शहर मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस दौरान प्रमुख सचिव नगर विकास एवं निदेशक सूडा और निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वीसी के माध्यम से जनपद की महिला समूहों के सदस्यों से संवाद किया गया। जनपद में तिरंगा झंडों के निर्माण पर संतोष व्यक्त करते हुए 9 अगस्त तक सभी झंडों का निर्माण करा कर निकायों को हस्तगत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जनपद को अवमुक्त की गई धनराशि तत्काल स्वयं सहायता समूहों को हस्तगत कर दी जाए, जिससे हर घर तिरंगा कार्यक्रम को बड़ी धूमधाम से मनाया जा सके। नगरीय विकास अभिकरण डूडा के जिला प्रभारी सुभाषवीर राजपूत ने जानकारी दी है कि
जनपद में अब तक लगभग 19 हजार झंडो का निर्माण किया जा चुका है। अब भी तिरंगा झंडों का निर्माण निरंतर जारी है। ताकि जिले में तिरंगा यात्राओं का विधिवत संचालन किया जा सके।

# जिले को जल्द मिलेंगे 04 नये आयुष औषधालय

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ0 नरेंद्र कुमार ने किया। बैठक में जिले में आयुष सेवाओं की आधारभूत संरचना, चिकित्सालयों की कार्यशीलता, मानव संसाधन, औषधि उपलब्धता, डिजिटल प्रणाली, डीबीटी, नवाचार एवं भावी कार्ययोजना सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिले में 04 आयुष औषधालय स्वीकृत हैं, जिनके भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में केवल विद्युत संयोजन कराया जाना शेष है। भवनों का औपचारिक हस्तांतरण प्राप्त होने के 10 से 15 दिनों के भीतर सभी औषधालयों का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में वर्तमान में 25 आयुर्वेद, 03 यूनानी और 15 होम्योपैथिक चिकित्सालय पूर्ण रूप से संचालित हैं और सभी संस्थान नियमित रूप से आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सालयों में औसतन प्रति माह लगभग 900 से 950 ओपीडी दर्ज की जा रही हैं। उपलब्ध चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर प्रदान की जा रही हैं।

मानव संसाधन की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 24 आयुर्वेद, 03 यूनानी और 13 होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं। आयुर्वेद शाखा में कुल 123 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 74 पदों पर तैनाती है, जबकि 49 पद रिक्त हैं। यूनानी शाखा में 11 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 05 पद भरे हैं और 06 पद रिक्त हैं। योग प्रशिक्षकों एवं अन्य आवश्यक पदों को शीघ्र भरने की आवश्यकता पर भी विशेष चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि जिले में आवश्यक आयुष औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और उनकी आपूर्ति एवं वितरण नियमित एवं समयबद्ध रूप से किया जा रहा है। मेडिसिन डिस्बर्समेंट रजिस्टर के आधार पर मांग के अनुरूप औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर कंप्यूटर, इंटरनेट एवं अन्य डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध हैं और एएचआईएमएस प्रणाली का संचालन प्रक्रियाधीन है।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि आयुष सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच बढ़ाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयुष आउटरीच शिविर, योग शिविर तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्वास्थ्य संवर्धन, रोग निवारण तथा औषधीय पौधों के संरक्षण एवं उपयोग के संबंध में भी जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने निर्देश दिए कि रिक्त पदों को शीघ्र भरने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए, नव निर्मित आयुष औषधालयों को निर्धारित समय में क्रियाशील बनाया जाए और आयुष सेवाओं को अधिक प्रभावी, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के माध्यम से आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने ओपीडी रजिस्टर पर प्रत्येक मरीज का मोबाइल एवं आधार नंबर अंकित करने के निर्देश दिये। साथ ही चिकित्सा शिविरों एवं योग प्रशिक्षिकों द्वारा की जा रही योग क्रियाओं के लिए रोस्टर निर्धारित कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## हाथरस में दर्दनाक सड़क हादसा, कैंटर की टक्कर से महिला की मौत, पति गंभीर घायल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।

जनपद हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र में आगरा-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर सोमवार शाम करीब सात बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार एटा जनपद के अलीगंज क्षेत्र के सराय सकत निवासी संजीदा (45) पत्नी इमरान उर्फ गुड्डू अपने जीजा मोहम्मद गुलफाम के घर मधुगढ़ी, हाथरस आई हुई थीं। सोमवार को वह अपने पति इमरान के साथ आगरा गई थीं।

लौटते समय चंदपा क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के पास पीछे से आ रहे कैंटर संख्या वढ 85 उळ 5262 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में संजीदा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे उनके पति इमरान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतका अपने पीछे छह बच्चों को छोड़ गई हैं। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच के साथ ही कैंटर चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## हाथरस में दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0 शुरू, 7 और 10 को लगेंगे विशेष रोजगार मेले

**हाथरस।** जनपद में दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0 का शुभारंभ कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में यह अभियान 3 अगस्त से 10 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा।
जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन रोहिताश सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलिटेक्निक तथा पिछले तीन वर्षों में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 7 अगस्त 2026 को जिला सेवायोजन कार्यालय, गैलेक्सी होटल के पीछे, हाथरस में विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। वहीं 10 अगस्त 2026 को उपायुक्त, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र, रावत कॉलोनी, हाथरस में दूसरा रोजगार मेला आयोजित होगा। दोनों रोजगार मेले केवल दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आयोजित किए जाएंगे।

## न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट में तीन नामजद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सादाबाद।

मजदूरी कर घर लौट रहे एक व्यक्ति पर हमले के छह महीने पुराने मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि उसे रास्ते में घेरकर लोहे की रॉड और प्लास से हमला कर घायल कर दिया गया था। पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट के निर्देश पर सोमवार को तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

यह घटना थाना सादाबाद क्षेत्र के नगला केशरी गांव की है। गांव निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र रघुवीर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनके अनुसार, 2 जनवरी 2026 की रात लगभग आठ बजे जब वह मजदूरी कर घर लौट रहे थे, तभी गांव के कल्ला पुत्र हजारीलाल, बादल पुत्र दिनेश और कल्ला के साले प्रवीन निवासी टूंडला ने उन्हें रोक लिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कल्ला ने जान से मारने की धमकी देते हुए हमला करने के लिए उकसाया। इसके बाद प्रवीन ने जितेंद्र को पकड़ लिया, बादल ने लोहे के प्लास से उनके चेहरे पर वार किया, और कल्ला ने लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। इस हमले में जितेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। शोर सुनकर जितेंद्र की मां चंद्रवती, ममता पत्नी होशियार सिंह और पुत्र गोलू मौके पर पहुंचे। आरोप है कि परिजनों को आता देख हमलावर उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए। जाते समय उन्होंने परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, घटना के तुरंत बाद पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण कराया, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया।

## विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उल्लास?

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

■ बृजभूषण शरण सिंह के बाइज्जत बरी होने पर समर्थकों ने जताया हर्ष, बाटी मिठाइयां
■ सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं: हुतेंद्र सिंह जादौन

विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष हुतेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में ठंडी सड़क स्थित शारदा सिनेप्लेक्स पर वर्ष 2023 में महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप में मुकदमे से घिरे पूर्व भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण सिंह केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बरी होने पर मिष्ठान वितरण करते हुए हर्ष व्यक्त किया गया। जिला अध्यक्ष हुतेंद्र सिंह जादौन ने कहा है कि नेताजी ब्राजभूषण शरण ने पहलवान प्रकरण पर अपने पहले ही वक्तव्य में कहा था कि यदि आरोप सिद्ध हो जाएगा तो मैं स्वयं फांसी पर लटक जाऊंगा।

भारतीय कुश्ती संघ में नेताजी बृजभूषण शरण सिंह का पूरा कार्यकाल उल्लेखनीय रहा है। भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष कार्यकाल में भारतीय कुश्ती को ऊंचाई तक ले गए और अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारतीय कुश्ती को एक नई पहचान दिलाई। उनका कार्यकाल अभूतपूर्व रहा है।

जिलाध्यक्ष हतेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हो सकता। माननीय न्यायालय का हम सभी सम्मान करते हैं।

इस विशेष अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष हुतेंद्र सिंह जादौन के साथ जिला संयोजक जितेंद्र माहेश्वरी, जिला महामंत्री मुकेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सोनी, चंद्र प्रकाश शर्मा, कमलेश चौहान, केसी राठौर, प्रेम राठौर नगर अध्यक्ष, अजय शर्मा जिला मंत्री, गणेश वार्षेय, गौरव सिकरवार, राहुल गुप्ता, विवेक ज्ञान भारती जिला कोषाध्यक्ष, अंकुर जैन पापुलर नगर प्रभारी, संकल्प शर्मा नगर महामंत्री, आकाश कश्यप नगर संगठन मंत्री, अजय गुप्ता नगर कोषाध्यक्ष, विवेक गुप्ता नगर मीडिया प्रभारी, रोहतास कुमार नगर संयोजक, संजीव वार्षेय नगर उपाध्यक्ष, गोविंद शर्मा, गौरव राठौर, अनुराग कुमार, संदीप कुमार नगर मंत्री, अनुज गुप्ता, मोहन चौहान, निशांत कुमार, रवि कुमार, सनी, आशीष कुमार, विवेक विक्की एवं अन्य कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उद्योग अनुकूल, समस्याओं के त्वरित, समाधान के लिए डीएम ने दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

मंगलवार को जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने ताला नगरी इंडस्ट्रियल एरिया का भ्रमण कर क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय, यूपीसीडा में उद्यमियों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने उद्यमियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, स्वच्छता व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं यातायात सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा श्याम गोपाल ने अवगत कराया कि पूर्व में सफाई कार्य कर रही एजेंसी का अनुबंध समाप्त हो चुका है और नए अनुबंध के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। अनुमोदन प्राप्त होते ही नियमानुसार सफाई कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा।

ने औद्योगिक क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए शासन स्तर पर संबंधित सक्षम अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता की और प्रस्ताव के शीघ्र अनुमोदन का अनुरोध किया, ताकि उद्यमियों को बेहतर औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने यूपीसीडा अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध विकल्पों पर गंभीरता से विचार कर अंतरिम समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण के मानकों के अनुरूप कूड़ा उत्पन्न करने वाले संस्थानों की जिम्मेदारी तय करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

बैठक में ताला नगरी क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उद्यमियों ने बढ़ती औद्योगिक आवश्यकताओं को देखते हुए छेरत में निमार्णाधीन विद्युत उपकेंद्र के साथ-साथ ताला नगरी के निकट लगभग दो हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर नया उपकेंद्र स्थापित किए जाने का सुझाव दिया। जिलाधिकारी ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए, जिससे भविष्य में उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

उद्यमियों ने क्वार्सी ओवरब्रिज निर्माण से यातायात व्यवस्था में आए सुधार की सराहना करते हुए ओजोन तिराहे पर समय-समय पर लगने वाले जाम की समस्या भी जिलाधिकारी के समक्ष रखी। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह समस्या जिला प्रशासन के संज्ञान में है और इसका स्थायी समाधान निकालने के लिए विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के साथ समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवश्यक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है और सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने से यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन उद्योगों के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा उद्यमियों की समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

इस अवसर पर उद्यमी नेकराम शर्मा, राजकुमार उपाध्याय, पवन खंडेलवाल, चंद्रशेखर शर्मा, गणेश चौधरी, सुनील दत्ता, सोनू शर्मा, टीपी गोयल, मोहित कुमार, जितेंद्र पाल सिंह सहित विद्युत, श्रम, उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बंधक बनाकर बालक से ककुर्म, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

गांधीपार्क थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में 14 वर्षीय किशोर को बंधक बनाकर उसके साथ कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया था। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि वह रविवार को किसी काम से बाजार गई हुई थी। इसी दौरान उनके पड़ोस में रहने वाला पवन कुमार उनके घर में घुस आया।

आरोपी ने घर पर अकेले मौजूद 14 वर्षीय किशोर को बहला-फुसलाकर कमरे में बंधक बना लिया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोर के हाथ-पैर बांध दिए और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया ताकि वह किसी को आवाज न लगा सके, और फिर उसके साथ जबरन कुकर्म किया। घटना के बाद जब मां बाजार से वापस लौटीं, तो उन्होंने बेटे को बदहवास हालत में पाया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसे देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया था।

क्षेत्राधिकारी द्वितीय धनंजय सिंह ने बताया कि थाना गांधीपार्क क्षेत्र के नगला मानसिंह से एक 14 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य की सूचना प्राप्त हुई थी। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया और अब मुख्य आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अभिजीत दीपके बोले- पॉलिटिकल पार्टी नहीं बनाएंगे

# सीजेपी प्रेशर ग्रुप की तरह काम करेगी, देश को जन-आंदोलन की जरूरत

एजेंसी, छत्रपति संभाजीनगर।



सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने बुधवार को कहा, कॉकरोच जनता पार्टी फिलहाल राजनीतिक पार्टी नहीं बनेगी। अभी भारत को एक मजबूत प्रेशर ग्रुप की जरूरत है, इसलिए कॉकरोच पार्टी उसी भूमिका में काम करेगी।

दीपके ने कहा, अगर हम राजनीतिक पार्टी बनाते, तो हमारा आंदोलन सफल नहीं होता। आंदोलन इसलिए सफल हुआ, क्योंकि अलग-अलग विचारधाराओं और राजनीतिक दलों के लोग लोकतंत्र को कमजोर करने वाली चीजों के खिलाफ एक साथ आए। आज भारत को किसी नई राजनीतिक पार्टी की नहीं, बल्कि एक मजबूत जन आंदोलन की जरूरत है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सीजेपी की दो दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। बैठक से पहले मीडिया से बातचीत में दीपके ने बताया कि इसमें जंतर-मंतर आंदोलन की समीक्षा, ए20 पेट्रोल, शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि संगठन को देशभर में कैसे मजबूत किया जाए। सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि छात्र प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर वापस कराने की मांग को लेकर सरकार से बातचीत चल रही है।

### दीपके बोले- झारखंड के प्रदर्शन में जाएंगे

हमारे आंदोलन को सिर्फ शिक्षा के मुद्दे पर समर्थन नहीं मिला। लोगों ने इसलिए साथ दिया, क्योंकि राजनीतिक व्यवस्था, न्यायपालिका, मीडिया और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर उनका भरोसा कम हो गया है। मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था बहुत खराब स्थिति में है और लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का भरोसा वापस लाने के लिए व्यापक जन आंदोलन और जनता के दबाव की जरूरत है। सीजेपी झारखंड जाएगी और वहां आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी रहेगी। हम झारखंड के छात्रों की हर मांग का समर्थन करते हैं।

# परिसीमन बिल पर सरकार की तैयारी तेज, संसद का विशेष सत्र बुलाने की संभावना

एजेंसी, नई दिल्ली।



परिसीमन बिल को लेकर केंद्र सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार इस विधेयक को पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार कर रही है। संभावित रूप से यह विशेष सत्र 16 से 18 अगस्त के बीच आयोजित किया जा सकता है। हालांकि, सरकार की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात कर विपक्ष के रुख को समझने की कोशिश की। दोनों नेताओं के साथ हुई यह बैठक करीब 50 मिनट तक चली। माना जा रहा है कि सरकार विधेयक को पारित कराने के लिए विपक्षी दलों के समर्थन और सदन में जरूरी संख्या बल को लेकर रणनीति बना रही है।

दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश सूत्रों के मुताबिक, परिसीमन से जुड़े संवैधानिक संशोधन विधेयकों को पारित कराने के लिए सरकार को दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके लिए सरकार विभिन्न राजनीतिक दलों से समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रही है। संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में विशेष बहुमत जरूरी होता है। ऐसे में सरकार पहले यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उसके पास पर्याप्त संख्या बल और सहयोगी दलों का समर्थन मौजूद हो।

विपक्ष ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन दूसरी ओर, विपक्षी दलों ने संसद परिसर में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी सांसदों ने गांधी प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च निकाला। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि सरकार कई अहम मुद्दों पर जवाब देने से बच रही है। विपक्ष 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज और राम मंदिर से जुड़े चढ़ावे की चोरी के मामले को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से संसद में जवाब की मांग कर रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में लगातार हंगामा भी देखने को मिल रहा है।

### क्या है परिसीमन बिल?

परिसीमन बिल का उद्देश्य देश में लोकसभा और विधानसभा सीटों की सीमाओं और संख्या को नए सिरे से निर्धारित करना है। इसके लिए एक नए परिसीमन आयोग के गठन का प्रस्ताव है, जो नई जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्गठन करेगा। इस प्रक्रिया के बाद देश में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। साथ ही महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया को भी इससे जोड़ा जा रहा है। परिसीमन की प्रक्रिया क्या होती है? परिसीमन का मतलब चुनावी क्षेत्रों की सीमाओं का निर्धारण या पुनर्निर्धारण होता है। इसमें यह तय किया जाता है कि कौन-सा क्षेत्र किस विधानसभा या लोकसभा सीट के अंतर्गत आएगा। यह प्रक्रिया आमतौर पर जनसंख्या, क्षेत्रफल और जनसंख्या घनत्व जैसे मानकों के आधार पर की जाती है। परिसीमन केवल लोकसभा या विधानसभा सीटों तक सीमित नहीं होता, बल्कि नगर निगम और स्थानीय निकायों के वार्डों में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। उदाहरण के तौर पर, किसी शहर का कोई इलाका पहले एक वार्ड में शामिल हो सकता है, लेकिन परिसीमन के बाद उसकी सीमा बदलने से वह दूसरे वार्ड का हिस्सा बन सकता है। 2026 परिसीमन को लेकर राजनीतिक बहस तेज देश में लंबे समय से सीटों के पुनर्गठन को लेकर राजनीतिक बहस होती रही है। खासकर दक्षिणी राज्यों की ओर से यह चिंता जताई जाती रही है कि जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को नए परिसीमन में नुकसान हो सकता है। वहीं, केंद्र सरकार का तर्क है कि बदलती जनसंख्या और प्रतिनिधित्व की जरूरतों को देखते हुए परिसीमन जरूरी है। अब सभी की नजरें इस बात पर हैं कि सरकार विशेष सत्र कब बुलाती है और परिसीमन विधेयक पर राजनीतिक सहमति कैसे बनती है।

# युवाओं की बात सुनना सबसे ताकतवर हथियार, भटके युवक पत्थरबाजी करते हैं: सुप्रीम कोर्ट

## सरकार आक्रामक रवैये से बचे, सीजेपी प्रदर्शन में हिंसा का मामला



एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में हिंसा को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि युवाओं की बात सुनना सबसे ताकतवर हथियार है।

कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को संयम रखना चाहिए। अगर कुछ भटके हुए युवक पत्थरबाजी भी करें, तब भी उन्हें समझाने और शांत करने की कोशिश करनी चाहिए। सरकार को भी आक्रामक रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहन की बेंच ने यह टिप्पणी रिटायर्ड एयरफोर्स अफसर मनीष कुमार सोलंकी की याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

याचिका में 20 जुलाई के 'संसद चलो' मार्च के आयोजकों यानी सीजेपी प्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। कोर्ट ने इस याचिका को इसी मामले से जुड़ी दूसरी याचिका के साथ जोड़ दिया।

सुप्रीम कोर्ट बोला- युवाओं को काउंसलिंग मिलनी चाहिए, 4 टिप्पणी

**1. भटके युवाओं को समझाने की जरूरत:**

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर कुछ भटके हुए युवक पत्थरबाजी करते हैं, तब भी उन्हें समझाने और सलाह देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्हें काउंसलिंग मिलनी चाहिए। अगर सरकार आक्रामक रवैया अपनाएगी, तो हालात और बिगड़ सकते हैं और हिंसा बढ़ सकती है। इससे बचना चाहिए।

**2. पुलिस संयम रखे, शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बढ़ावा दे**

सीजेआई ने कहा कि सबसे जरूरी बात शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बढ़ावा देना है। अगर कोई घटना हो भी जाती है, तो पुलिस को बहुत संयम से काम लेना चाहिए, ताकि हालात नियंत्रण से बाहर न जाएं। जहां भी ऐसी घटनाएं हों, वहां बहुत सावधानी से स्थिति संभालनी चाहिए।

**3. युवाओं को हिंसा की राह पर जाने से रोकना होगा:**

सीजेआई ने कहा कि बहुत सोच-समझकर कदम उठाने होंगे, ताकि युवा हिंसा की राह पर न जाएं। सबसे अच्छा तरीका है उन्हें समझाना और शांत करना। उनकी बात सुनिए और समझिए कि वे आखिर क्यों विरोध कर रहे हैं।

**4. कानून-व्यवस्था एजेंसियों के विवेक पर छोड़ें:**

अंत में सीजेआई ने कहा कि ऐसे मामलों से कैसे निपटना है, यह कानून लागू करने वाली एजेंसियों पर छोड़ देना चाहिए। उन्हें ऐसी परिस्थितियों से निपटने का अनुभव हमसे और आपसे ज्यादा है।

# जंतर-मंतर प्रदर्शनकारियों के साथ राहुल ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

एजेंसी, नई दिल्ली।

राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली में 10 जनपथ पर जंतर-मंतर प्रदर्शनकारियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा कि 20 जुलाई को हुए कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन के दौरान स्टूडेंट पर लाठी-पैलेट गन से हमला किया गया।

राहुल अपने साथ चार प्रदर्शनकारी छात्र और छात्राओं को मीडिया के सामने लाए। एक छात्रा ने कहा- भारत माता की जय बोलने पर हमें देशद्रोही कहा गया। हम शांति से चल रहे थे तो एक पुलिस अफसर ने शरीर के ऊपरी हिस्से पर मारा।

राहुल गांधी ने कहा- प्रदर्शनकारियों ने कुछ भी गलत नहीं किया। इनका लगातार शोषण हो रहा है। ये बच्चे देश के भविष्य के लिए लड़े। इन्हें माफी मांगने की जरूरत नहीं। लोकतंत्र के लिए ये बच्चे लड़े, इसके लिए इनका धन्यवाद।



### राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस, 2 बातें, कहा- देशभर के युवाओं पर गर्व

हमने प्रदर्शन कर रहे कुछ युवाओं से बात की। उन्होंने बताया कि उनके साथ मारपीट की गई, धमकाया गया और दबाव बनाया गया। मुझे उन पर और देशभर के हजारों युवाओं पर गर्व है। उन्होंने संविधान, भारत के विचार और देश के भविष्य की रक्षा की है। राहुल गांधी ने कहा कि पहले छात्रों के घर गुंडे भेजना, 15 साल की एक लड़की से जबरन माफी मंगवाना और फिर उस माफी को स्वीकार करना पूरी तरह बेतुका है। हम इसे स्वीकार नहीं करते। हम ऐसी शिक्षा व्यवस्था चाहते हैं जो सही तरीके से काम करे, परीक्षा पेपर लीक रुकें और देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे।

### चुनाव से पहले अखिलेश ने अयोध्या सीट पर चला दांव, ब्राह्मण सम्मेलन में पवन पांडेय से बोले-आप जीतकर आएंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपना सियासी दांव चलना शुरू कर दिया है। लखनऊ में पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे जनेश्वर मिश्र की जयंती के अवसर पर आयोजित 'ब्राह्मण सम्मेलन' (प्रबुद्ध सम्मेलन) में अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री तेज नारायण उर्फ पवन पांडेय को लेकर बड़ा बयान दिया है। अखिलेश यादव ने भरे मंच से दावा किया कि पवन पांडेय इस बार अयोध्या विधानसभा सीट से भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। राजनीतिक गलियारों और विशेषज्ञों के अनुसार, चुनाव से काफी पहले ही अखिलेश यादव का खुले मंच से यह कहना सीधे तौर पर पवन पांडेय की उम्मीदवारी पर मुहर लगाने जैसा है। इसका साफ मतलब निकाला जा रहा है कि अयोध्या सीट से पवन पांडेय का टिकट अब पूरी तरह से कन्फर्म हो चुका है। पवन पांडेय 2012 में भी अयोध्या सीट से विधायक चुने जा चुके हैं और अखिलेश सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।इस सम्मेलन के माध्यम से समाजवादी पार्टी अपने पारंपरिक (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले का विस्तार कर ब्राह्मण समाज और सवर्ण मतदाताओं को भी अपने पाले में लाने की रणनीति पर काम कर रही है। 2027 के महासमर से पहले अयोध्या जैसी हाई-प्रोफाइल सीट से अपना चेहरा लगभग तय करके अखिलेश यादव ने न केवल अपने कैडर को चुनावी मोड में ला दिया है, बल्कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को भी एक मजबूत सियासी चुनौती पेश की है।

# 20 मिनट में 7 धमाके: दुबई में तबाड़तोड़ हमलों से धुआं-धुआं हुआ शहर

एजेंसी, दुबई।

दुबई के जेबेल अली इंडस्ट्रियल क्षेत्र में कई धमाके हुए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में रात के आसमान में धुएं के घने गुबार छाए हुए दिखाई दे रहे हैं। ईरान की मेहर समाचार एजेंसी ने अमीराती अधिकारियों के हवाले से बताया कि 20 मिनट के अंदर कम से कम सात धमाके हुए।



ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच यमन से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर मिसाइल हमला किया गया। वहीं, ने कहा है कि ये ईरान की कारवाना हिमाकत है।

**दो लोग क्यों गिरफ्तार हुए?**

रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना का वीडियो बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभी यह साफ नहीं है कि यह घटना किसी हमले का नतीजा थी या कोई औद्योगिक दुर्घटना।

**इराक के मीडिया ने क्या दावा किया?**

इराक के समाचार माध्यमों ने दावा किया है कि अमेरिका और

वहीं, मेहर की रिपोर्ट में नासा की थर्मल इमेजिंग का हवाला देते हुए बताया गया है कि बंदरगाह से सटे एक गोदाम में आग लग गई थी, जिसका इस्तेमाल ईंधन के भंडारण और ट्रांसफर के लिए किया जाता था।

**आसमान में काला धुआं दिखा**

हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने या नुकसान की जानकारी तुरंत नहीं मिल पाई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में धमाकों के बाद की तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें रिहायशी इलाके के पास रात के आसमान में काला धुआं उठता दिख रहा है।

### दुबई में कहां स्थित है जेबेल अली?

दुबई शहर के सेंटर से लगभग 25 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित जेबेल अली, यूएई के अहम शॉपिंग हब में से एक है। यहां कृत्रिम द्वीपों का समूह 'पाम जेबेल अली' और दुनिया के सबसे बड़े मानव-निर्मित बंदरगाह के पास एक फ्री ट्रेड जोन है, ताकि अंतरराष्ट्रीय शिपिंग आसानी से हो सके। अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान यूएई हाई अलर्ट पर रहा है, क्योंकि इस इलाके में अमेरिका के सहयोगियों पर तेहरान के जवाबी हमलों में यूएई अक्सर निशाना बनता रहा है।

# इमरान खान की रिहाई के लिए आर-पार की लड़ाई, पीटीआई करेगी मार्च

एजेंसी, इस्लामाबाद।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में तीन साल पूरे होने पर उनके समर्थकों ने देशभर में प्रदर्शन किए। इस दौरान पंजाब और सिंध प्रांत में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। सबसे बड़ी रैली खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर में आयोजित की गई, जहां इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सरकार है।

**क्या पंजाब और सिंध में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की?**

पंजाब के लाहौर, मियांवाली और रावलपिंडी में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। लाहौर के मॉल रोड पर इमरान खान की रिहाई की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाया गया।



सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में पुलिस प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग करती दिखाई दी। रैली की कवरेज कर रहे कुछ पत्रकारों के साथ भी मारपीट की गई, जिसके बाद मीडिया संगठनों ने विरोध जताया।

**क्या पीटीआई ने बड़ी संख्या में गिरफ्तारियों का दावा किया?**

पीटीआई के पंजाब महासचिव चौधरी बिलाल एजाज ने कहा कि लाहौर में पार्टी के पांच विधायक समेत 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पार्टी का दावा है कि मियांवाली, रावलपिंडी और पंजाब के अन्य हिस्सों में भी कम से कम 50 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। वहीं, कराची के सद्दर टाउन में पुलिस ने आंसू गैस छोड़कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया और 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। पीटीआई ने पानो आकिल और कंधकोट से भी अपने कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का दावा किया।

क्या पीटीआई नेताओं ने आंदोलन तेज करने के संकेत दिए?

इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा कि उनके भाई की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू हो चुका है और जल्द ही इसके अगले चरण की घोषणा की जाएगी। पीटीआई नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मूनिस इलाही ने आरोप लगाया कि जेल में इमरान खान को मुलाकात और उचित चिकित्सा सुविधा नहीं दी जा रही तथा उनकी आंखों की रोशनी भी प्रभावित हुई है। पार्टी नेता शेरयार अफरीदी ने कहा कि इमरान खान का हौसला नहीं तोड़ा जा सका है और देश उनके साथ खड़ा है।

### क्या सरकार पर राजनीतिक मामलों का आरोप लगाया गया?

इमरान खान को 5 अगस्त 2023 को गिरफ्तार किया गया था और वह कई मामलों में जेल में हैं। उनकी पार्टी लगातार आरोप लगाती रही है कि उनके खिलाफ दर्ज मामले राजनीतिक उद्देश्य से बनाए गए हैं। हालांकि, शहबाज शरीफ सरकार इन आरोपों से इनकार करती रही है।

### क्या एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी चिंता जताई?

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार से 73 वर्षीय इमरान खान के अधिकारों का सम्मान करने की अपील की। संगठन की दक्षिण एशिया की कार्यवाहक क्षेत्रीय निदेशक इसाबेल लासी ने कहा कि तीन वर्षों से इमरान खान को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार नहीं मिला, उन्हें लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया और चिकित्सा सुविधा तथा मुलाकात के अधिकार भी सीमित किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि इमरान खान पिछले आठ महीनों से अपने परिवार से नहीं मिल पाए हैं और दिसंबर 2025 से उन्हें तथा उनकी पत्नी बुशरा बीबी को नियमित कानूनी सहायता भी नहीं मिल रही है।

### 27 सितंबर को इस्लामाबाद कूच करेगी पीटीआई

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मुहम्मद सुहैल अफरीदी ने बुधवार को घोषणा की कि यदि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को न्याय नहीं मिला, तो पार्टी के समर्थक 27 सितंबर को इस्लामाबाद की ओर मार्च करेंगे। अफरीदी ने कहा कि पीटीआई किसी तरह की रियायत नहीं, बल्कि न्याय की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण विरोध जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इमरान खान को तीन वर्षों से एकांत कारावास में रखा गया है और जेल में उनसे मिलने की कोशिश करने के दौरान उनकी बहनों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

# बांग्लादेश: गणभवन में खुला 'जुलाई विद्रोह संग्रहालय', तारिक रहमान ने किया उद्घाटन

एजेंसी, ढाका।

प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने बुधवार को 'जुलाई मास अपराइजिंग मेमोरियल संग्रहालय' का उद्घाटन किया। यह संग्रहालय 2024 के जुलाई मास अपराइजिंग (जन-विद्रोह) के इतिहास को संजोने और इसमें शहीद हुए लोगों व लड़ने वालों के बलिदान को याद करने के लिए बनाया गया है।

प्रधानमंत्री ने राजधानी के शेर-ए-बांग्ला नगर में स्थित गणभवन, जो पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का पूर्व आधिकारिक आवास था। इसको औपचारिक रूप से संग्रहालय में बदल दिया गया है। इसके साथ ही इसे आगंतुकों के लिए खोल दिया।

**उद्घाटन के बाद पीएम ने क्या किया?**

उद्घाटन के बाद, तारिक रहमान ने संग्रहालय की गैलरियों और प्रदर्शनियों का दौरा किया, जिनमें



जुलाई के जन-विद्रोह से जुड़ी सुरक्षित रखी गई कलाकृतियां, तस्वीरें, आधिकारिक दस्तावेज, वीडियो फुटेज और यादगार चीजें शामिल थीं।

**डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई**

उद्घाटन समारोह में एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें जुलाई के जन-विद्रोह का घटनाक्रम, जीवन के हर क्षेत्र के लोगों की भागीदारी और बलिदान और आंदोलन की सफलता तक ले जाने वाली घटनाओं को दिखाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री की बेटी बैरिस्टर जाइमा रहमान उनके साथ थीं। पट्टिका का अनावरण करने के बाद, सूरह अल-फातिहा का पढ़ गया फिर मुनाजात (प्रार्थना) की गई।

**उद्घाटन समारोह में कौन-कौन शामिल हुआ?**

इस मौके पर अंतरिम सरकार के पूर्व मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस, मुक्ति संग्राम मामलों के मंत्री अहमद आजम खान, गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद, सांस्कृतिक मामलों के मंत्री निताई रॉय चौधरी और सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों पर प्रधानमंत्री के सलाहकार डॉ. जाहिद उर रहमान समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

**संग्रहालय बनाने का मकसद क्या है?**

गणभवन में बनाया गया यह संग्रहालय जुलाई के जन-विद्रोह के असली इतिहास को सुरक्षित रखने, देश के प्रतिरोध को दर्ज करने, उस विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने और शहीदों व जुलाई के आंदोलनकारियों के बलिदान का सम्मान करने के मकसद से बनाया गया है।

**दो साल पहले क्या हुआ था?**

5 अगस्त 2024 को, छात्रों के नेतृत्व में हुए जन-विद्रोह के बीच शेख हसीना अपना देश छोड़कर चली आई। वहीं, हजारों प्रदर्शनकारी गणभवन परिसर में घुस गए। तीन दिन बाद, 8 अगस्त को प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने कामकाज संभाला और बाद में इस जगह को सुरक्षित रखने और संग्रहालय बनाने की प्रक्रिया शुरू की।

**क्यों हैं यह खास?**

इस संग्रहालय में जुलाई के जन-विद्रोह से जुड़ी तस्वीरें, सरकारी दस्तावेज, वीडियो फुटेज, निजी सामान, चश्मदीदों के बयान और दूसरी चीजें दिखाई गई हैं।

### कीव पर रूस का बड़ा मिसाइल हमला, 17 लोगों की मौत

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध एक बार फिर बड़े हमले का गवाह बना है। बुधवार तड़के रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के इलाकों पर मिसाइलों और ड्रोन से भीषण हमला किया। इस हमले में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 44 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यदि समय पर आधुनिक एयर डिफेंस मिसाइलें मिल जातीं तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी। वहीं यूक्रेन ने भी रूस के भीतर ड्रोन हमले कर जवाब दिया है। रूस की ओर से किए गए इस हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों, अन्य मिसाइलों और बड़ी संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक हमला मुख्य रूप से कीव क्षेत्र पर केंद्रित था। दूसरी ओर रूस का दावा है कि उसने केवल उन ठिकानों को निशाना बनाया जो सैन्य गतिविधियों से जुड़े थे। दोनों देशों के दावे एक-दूसरे से अलग हैं और स्वतंत्र रूप से उनकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

# '48 घंटे में स्थिति होगी साफ': अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा; क्या होर्मुज पर ईरान से होने वाली है डील?

एजेंसी, वॉशिंगटन।

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने खुद अमेरिका से संपर्क किया है और दोनों देशों के बीच बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि अगले 48 घंटे बेहद अहम होंगे और इसी दौरान साफ हो जाएगा कि दोनों देशों के बीच समझौता होता है या नहीं।

ट्रंप ने यह बयान लॉस एंजिल्स से लास वेगास जाते समय पत्रकारों से बातचीत में दिया। उन्होंने कहा कि पर्दे के पीछे लगातार बातचीत चल रही है और हालात सही दिशा में बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान के लिए समझौता करना ही सबसे अच्छा विकल्प होगा।

### क्या ईरान ने बातचीत की इच्छा जताई?

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद अमेरिका से संपर्क किया है और बातचीत की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हो चुकी है और अब अगले दो दिन पूरी दुनिया के लिए अहम साबित हो सकते हैं। ट्रंप का दावा है कि जल्द ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी।

### होर्मुज जलडमरूमध्य क्यों है इतना महत्वपूर्ण?

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा केंद्र होर्मुज जलडमरूमध्य है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस की सप्लाई होती है। बताया जा रहा है कि जुलाई में अमेरिका और ईरान के बीच हुआ 14 सूत्रीय समझौता टूटने के बाद इस समुद्री मार्ग को लेकर तनाव काफी बढ़ गया था। अब अमेरिका, ईरान और ओमान मिलकर एक अंतरिम समझौते पर काम कर रहे हैं ताकि इस समुद्री रास्ते को फिर से सुरक्षित तरीके से खोला जा सके।

### ट्रंप ने क्या चेतावनी दी?

बातचीत की संभावना जताने के साथ-साथ ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार विकसित नहीं करने देगा। ट्रंप ने कहा कि जल्द ही इस बात को औपचारिक समझौते का हिस्सा बनाया जाएगा कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होगा। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी सख्त रुख दिखाया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह समुद्री मार्ग हर हाल में खोला जाएगा। अगर ईरान सहयोग करता है तो शांति से समाधान निकलेगा, लेकिन यदि उसने अड़चन पैदा की तो अमेरिका कड़ी सैन्य कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेगा।



# डिप्रेशन से छुटकारा दिला सकता है चीकू

आलू की तरह दिखने वाला फल चीकू सपोटा के नाम से भी जाना जाता है। चीकू में विटामिन-बी, विटामिन ई, पोटैशियम,फाइबर और मिनरल आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जो शरीर को कई बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। चीकू खाने से त्वचा, दिमाग और पाचन अच्छा रहता है। चीकू खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। चीकू का हर भाग स्वास्थ्य लाभों से भरा है इसके पत्ते, जड़ और छाल को औषधी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं चीकू खाने से व्यक्ति को मिलते हैं कौन से गजब के फायदे।

### हड्डियां बनाए रखे मजबूत

चीकू में कैल्शियम, आयरन और फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू का रोजाना सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू खाने से बुढ़ापे की वजह से होने वाली कमजोर हड्डियों को ठीक करने में भी मदद मिलती है।

### एनर्जी

चीकू को एनर्जी का अच्छा सोर्स माना जाता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट शरीर को एनर्जी देने का काम करते हैं। जिन लोगों को एनर्जी की कमी महसूस होती है उनके लिए चीकू का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

### वेट लॉस

चीकू शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होता और वेट लॉस में मिलती है। चीकू को दिन में किसी भी समय खाया जा सकता है। ये शरीर को तुरंत एनर्जी देने के साथ शरीर को मजबूत भी बनाता है।

### डिप्रेशन में राहत

चीकू दिमाग को सेहतमंद बनाए रखने के साथ नींद न आने की समस्या को भी दूर करता है। चीकू का सेवन करने से गहरी और अच्छी नींद आती है। चीकू में मौजूद तत्व दिमाग में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं चीकू का सेवन डिप्रेशन को दूर करने के लिए भी किया जा सकता है।






# इन टिप्स से रखें मेंटल हेल्थ का ख्याल

आजकल तनाव न चाहते हुए भी हम सभी की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। स्ट्रेस का बुरा असर, हमारी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर होता है। अक्सर फिजिकल हेल्थ खराब होने पर जब इसके लक्षण नजर आते हैं, तो हम आसानी से इन्हें समझ लेते हैं और इसे ठीक करने की कोशिश में भी लग जाते हैं। लेकिन, मेंटल हेल्थ खराब होने पर इसके लक्षणों को हम या तो समझ नहीं पाते हैं या नजरअंदाज कर देते हैं। खासकर महिलाएं अपनी मेंटल हेल्थ पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती हैं। तनाव और चिंता की वजह से अगर आपके चेहरे की मुस्कुराहट भी कहीं खो गई है, तो आपको अपनी मेंटल हेल्थ पर ध्यान देने की जरूरत है।

### मेंटल हेल्थ का ख्याल रखने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

- एक्सपर्ट का कहना है कि मेंटल हेल्थ को सही रखने के लिए, डाइट बहुत जरूरी है। डाइट में पोषक तत्वों की कमी भी मेंटल हेल्थ पर असर डाल सकती है।
- अगर आप अधिक तनाव में हैं और इसकी वजह से आपका किसी काम में मन नहीं लग रहा है या आप हर वक्त परेशान रहती हैं, तो किसी से इस बारे में खुलकर बात जरूर करें।
- ओवरथिंकिंग की वजह से भी मेंटल हेल्थ खराब होती है। इसलिए, किसी भी चीज या डर को लेकर, बहुत अधिक न सोचें वरना इसका असर आपकी सेहत पर हो सकता है।
- किसी बात को बार-बार सोचने से, स्ट्रेस और एंग्जायटी बढ़ने लगती है। इसकी वजह से सिरदर्द, शरीर में दर्द और घबराहट हो सकती है। इसलिए, ज्यादा न सोचें और मन को शांत रखने की कोशिश करें।
- एक्सरसाइज, मेडिटेशन और प्राणायाम भी मेंटल हेल्थ सुधारने में मदद कर सकता है। इसलिए, इसे रूटीन का हिस्सा जरूर बनाएं।
- जब आपको स्ट्रेस या एंग्जायटी महसूस हो, तो गहरी सांस लें और कुछ देर के लिए सारी चीजों पर से ध्यान हटाने की कोशिश करें।
- दिन में कुछ समय उन चीजों को जरूर दें, जो आपको खुशी देती हों।





# पैरों के तलवे में होती है जलन इन टिप्स से मिलेगा आराम

क्या आपको भी पैरों के तलवे में जलन होती है, जलन के मारे काम करना भी मुश्किल हो जाता है तो हम आपको कुछ आजमाए हुए टिप्स बता रहे हैं जिससे आपको काफी आराम मिल सकता है।
अक्सर लोगों को पैरों के तलवे में जलन की शिकायत होती है। यह एक असहज और परेशान करने वाली समस्या होती है, कई बार जलन के कारण नींद भी नहीं आती है और काम भी प्रभावित होता है। अगर आप भी इस स्थिति का सामना करते हैं तो हम आपको कुछ ऐसे उपाय बता रहे हैं जिससे आपको तलवे में जलन से राहत मिल सकती है।

### पैरों के तलवे में जलन क्यों होती है?

- पैरों की अत्यधिक गर्मी के कारण ऐसा हो सकता है। अगर आप लंबे वक्त तक जूते पहने रह सकते हैं तो इसके कारण तलवे में जलन हो सकती है।
- खराब रक्त प्रवाह के कारण भी पैरों के तलवे में जलन हो सकती है।
- शरीर में आयरन और विटामिन B12 की कमी के कारण भी यह समस्या हो सकती है।

### पैरों के तलवे की जलन दूर करने के उपाय

- तलवे में अगर बहुत ज्यादा जलन होती है तो आप ठंडा पानी में 20 मिनट तक पैरों को डूबा कर रख सकते हैं। आप चाहे तो इसमें कुछ बर्फ के टुकड़े डाल सकते हैं, इससे काफी आराम महसूस होगा।
- इसके अलावा आप तलवे में हो रही जलन को दूर करने के लिए तलवों की मालिश कर सकते हैं, मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और जलन में आराम मिलता है।
- अपने आहार में आयरन विटामिन B12 जैसे पोषक तत्व शामिल करें, इससे शरीर में खून बढ़ता है और रक्त प्रवाह को बनाए रखने में मदद मिलती है।
- तलवे के जलन को कम करने के लिए आप मेहंदी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। रात के समय पैरों में मेहंदी लगा लें और सुबह उठकर धो लें इससे तलवे में ठंडक मिलती है।
- इसके अलावा आप पैरों में एलोवेरा और चंदन का लेप लगा सकते हैं। इन दोनों ही चीजों की तासीर ठंडी होती है। इसका पेस्ट बना ले और तलवे पर भी 20 मिनट तक लगा कर रखें, फिर साफ पानी से धो लें।
- अगर इन उपायों को आजमाने के बाद भी आपको राहत नहीं मिलती है तो आपको डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए।




# देखने की क्षमता प्रभावित करता है प्रेसबायोबिया विकार

### प्रेसबायोबिया आंखों से जुड़ी एक बीमारी जिसमें आंखों की करीब वस्तुओं पर फोकस करने की क्षमता कम हो जाती है।

प्रेसबायोपिया आंखों से संबंधित एक विकार है। इस शब्द को ग्रीक शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है बूढ़ी आंख, यह एक ऐसी स्थिति होती है जब आपकी धीरे-धीरे चीजों को करीब से स्पष्ट रूप से देखने की क्षमता खो देती है। इस स्थिति में नजदीकी वस्तुओं पर तेजी से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता धीरे-धीरे खत्म हो जाती है। आमतौर पर यह 40 से 45 साल की उम्र में शुरू होती है और समय के साथ बिगड़ती जाती है। यह बाकी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं जैसे अंधापन, हाइपरोपिया मायोपिया से अलग है। यह एक प्राकृतिक परिवर्तन है जो लगभग सभी लोगों को प्रभावित करता है। इसको लेकर हमने हेल्थ एक्सपर्ट से बाती है।

### प्रेसबायोपिया के लक्षण

- छोटी लेखन सामग्री पढ़ने में कठिनाई होती है, खासकर अगर रोशनी बहुत कम है।
- जब आपको यह बीमारी होती है तो आप अपने स्मार्टफोन या किसी भी किताब, मेनू , लेबल को अधिक स्पष्ट रूप से देखने के लिए अपनी आंखों से दूर रखते हैं।
- कोई नजदीकी काम करते हैं या कुछ नजदीक रखकर पढ़ते हैं तो इसे सिर में दर्द और आंखों में तनाव होना।

### प्रेसबायोपिया के कारण

- आंखों की उम्र बढ़ाने की प्रक्रिया प्रेसबायोपिया की ओर ले जाती है।
- समय के साथ आंखों का आंतरिक लेंस लचीला नहीं रहता है, जिससे नजदीकी वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है।
- उम्र के साथ लेंस को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियां कमजोर हो जाती है।
- यह अनुवांशिक भी हो सकती है। अगर आपके घर में माता-पिता या दादा- दादी कोप्रेसबायोपिया था तो आपको भी यह स्थिति होने की संभावना ज्यादा रहती है।
- डायबिटीज,उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारी सहित कई स्वास्थ्य स्थितियों में भीप्रेसबायोपिया हो सकता है।
- आंखों की चोट के कारण भी लेंस को नियंत्रित करने वाले मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है,इससे भी प्रेसबायोपिया हो सकता है।





# डाइट से एडेड शुगर हटाना फायदेमंद!

चीनी...यह एक ऐसा शब्द है जिसे सुनते ही मुंह में मिठास घुलने लगती है। चीनी जिस तरह से हर मिठाई, हलवे और खीर का स्वाद बढ़ाती है, उसी तरह से बीमारियों का खतरा भी बढ़ाती है। वजन बढ़ने से लेकर डायबिटीज तक, चीनी शरीर के लिए कई तरह से नुकसानदायक मानी जाती है। ऐसे में कई लोगों ने चीनी को अपनी डाइट से पूरी तरह से हटा दिया है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो चीनी को अपनी थाली से बिल्कुल नहीं निकाल पा रहे हैं और भरपूर मीठा खा रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक दिन में कितना चीनी यानी शुगर का सेवन करना आपके लिए सेफ है।
अति किसी भी चीज की बुरी होती है, यह बात चीनी के सेवन के मामले में भी लागू होती है। डॉक्टर्स से लेकर हेल्थ एक्सपर्ट भी इस बात को मानते हैं कि व्हाइट शुगर सेहत के लिए कई तरह से हानिकारक होती है। अब इस बात पर इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने भी मुहर लगा दी है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशियन ने कुछ समय पहले भारतीयों की डाइट को लेकर 17 गाइडलाइन्स की एक ज्वाइंट रिपोर्ट जारी की थी। जिसमें से एक गाइडलाइन में भारतीयों को एक दिन में कितनी शुगर लेनी चाहिए, इसका जिक्र किया गया है।

### एक दिन में कितनी चीनी का सेवन करना चाहिए?

अगर एक सामान्य एडल्ट प्रति दिन 2000 कैलोरी लेता है और इसका 5 परसेंट यानी 25 ग्राम शुगर इन्टेक करता है तो वह हाई शुगर कहलाता है। अगर इसे सामान्य भाषा में समझें 20-25 ग्राम शुगर का एक दिन में सेवन किया जा सकता है।
संभव रहे तो चीनी को अपनी डाइट से पूरी तरह से हटा देना चाहिए। क्योंकि इसमें कैलोरी के अलावा किसी भी तरह के न्यूट्रिशियन शामिल नहीं होते हैं। कैलोरी शरीर के लिए तभी फायदेमंद होती है जब विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर के साथ ली जाए।
रिपोर्ट के मुताबिक, एडेड शुगर को अपनी डाइट से पूरी तरह से हटा देना फायदेमंद होता है। एडेड शुगर में चीनी, गुड़, ग्लूकोज, फरूक्टोज, डेक्सट्रोज, शुगर सिरप आदि चीजें आती हैं। किसी भी चीज में शुगर को मिलाकर खाना सेहत के लिए किसी भी तरह से बेहतर नहीं होता है क्योंकि इससे शरीर में सिर्फ कैलोरी बढ़ती है। चीनी के बहुत सारे नुकसान होते हैं।

### क्या नेचुरल शुगर है सेफ?

रिपोर्ट में फलों और दूध में पाई जाने वाली शुगर को नेचुरल बताया है। फलों और खाद्य पदार्थों में प्राकृतिक रूप से मौजूद रहने वाली शुगर को एक्सपर्ट भी सेफ मानते हैं. लेकिन सभी फलों और खाने की चीजों में मौजूद शुगर आपकी सेहत के लिए ठीक नहीं होती है। मेडिकल बॉडी ने अपनी रिपोर्ट में गन्ने के जूस को सेहत के लिए हानिकारक माना है। गन्ने के जूस में शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है और यह आपको बीमार कर सकती है। 100 द्रव्य के गन्ने के जूस में 15 ग्राम शुगर होती है, ऐसे में इसका अधिक सेवन आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। शरीर में अत्यधिक शुगर से कई बीमारियों को न्योता मिल सकता है।
रिपोर्ट में सॉफ्ट ड्रिंक्स के सेवन पर भी ऐतराज जताया गया है. मेडिकल बॉडी का मानना है कि सॉफ्ट ड्रिंक्स में सिर्फ हाई शुगर कंटेंट होता और न्यूट्रिशियनल वेल्यू ना के बराबर होती हैं। ज्यादा सॉफ्ट ड्रिंक्स के सेवन से मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज, दांतों की समस्या और दिल की बीमारी भी हो सकती है। साथ ही सॉफ्ट ड्रिंक्स पानी और फ्रेश फरूट्स की जगह नहीं ले सकते हैं, ऐसे में उन्हें जितना हो सके इनका सेवन करने से बचना चाहिए। सॉफ्ट ड्रिंक्स की जगह छाछ, नींबू पानी, बिना चीनी वाले फरूट जूस और नारियल पानी के सेवन की सलाह दी गई है। जूस से ज्यादा फलों के सेवन पर भी जोर दिया है। रिपोर्ट में ऐसा कहा गया है कि फरूट फाइबर और न्यूट्रियंट वेल्यू की वजह से ज्यादा सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।
गाइडलाइन्स में भारतीयों की हेल्दी डाइट पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट में हरी सब्जियों के अत्याधिक सेवन की बात की गई है और डाइट से प्रोसेस्ड फूड, पैक्ड जूस, सॉफ्ट ड्रिंक को हटाने की सलाह दी गई है। साथ ही चाय और कॉफी के सेवन को भी कम करने की बात की गई है, क्योंकि इसमें कैफीन होता है जो सेहत के लिए हानिकारक साबित साबित हो सकता है।



# बीसीसीआई ने लिया बड़ा फैसला, भारतीय टीम से जुड़े चार खिलाड़ी

## नेट गेंदबाज के तौर पर हुए शामिल

एजेंसी, बंगलूरू।

श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों की मदद के लिए हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, विपराज निगम और कलाई के स्पिनर शिवांग कुमार को बतौर नेट गेंदबाज टीम से जोड़ा गया है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम मंगलवार को श्रीलंका पहुंच गई थी।



### बीसीसीआई ने दिया अपडेट

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को एक आधिकारिक अपडेट में कहा, 'हर्ष दुबे, शिवांग कुमार, तनुष कोटियन और विपराज निगम श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट की तैयारी में टीम की मदद करने के लिए नेट गेंदबाज के तौर पर भारतीय टीम में शामिल हुए हैं।' यह जानकारी शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम के नॉनडेस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब (एनसीसी) ग्राउंड पर अपना पहला अभ्यास सत्र शुरू करने के बाद दी गई। इन चारों खिलाड़ियों के मुख्य टीम या प्लेइंग इलेवन में शामिल होने की संभावना कम ही है, लेकिन यह अनुभव उनके लिए सीखने और आगे बढ़ने का एक बड़ा मौका है। घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर दुबे ने इस साल की शुरूआत में अफगानिस्तान के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। वह अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच और जिम्बाब्वे में टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए भी टीम का हिस्सा थे।

वहीं, मुंबई के ऑफ-स्पिनर कोटियन ने पिछले दो सीजन में घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वह 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए भी भारतीय टीम में रविचंद्रन अश्विन की जगह शामिल किए गए थे, जिन्होंने ब्रिस्बेन में तीसरे मैच के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। लेग-स्पिनर विपराज निगम जून में श्रीलंका में हुई 50 ओवर की ट्राई सीरीज के दौरान भारत ए टीम का हिस्सा रहे थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से अपना दमखम दिखा चुके हैं।

### श्रीलंका के खिलाफ भारतीय टीम का कार्यक्रम

घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले और आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले शिवांग, जून में न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से पहले भारतीय टीम के लिए नेट बॉलर थे। कोलंबो के एनसीसी में सात से नौ अगस्त तक तीन दिन के अभ्यास मैच में हिस्सा लेने के बाद, भारतीय टीम गॉल जाएगी, जहां 15 अगस्त से सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जाना है। इसके बाद, 23 से 27 अगस्त तक सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा।

# सीएसके की हिट जोड़ी फिर दिखेगी साथ! इंग्लैंड के कोच बनते ही फ्लेमिंग ने दिया हसी को बड़ा ऑफर

एजेंसी, लंदन।

इंग्लैंड टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल हसी को टीम का बल्लेबाजी कोच बनाने के लिए संपर्क किया है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया 7News Australia की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लेमिंग ने हसी से इस भूमिका को लेकर बातचीत की है और उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी ली है। रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से माइकल हसी को कोई आधिकारिक प्रस्ताव नहीं दिया गया है, लेकिन फ्लेमिंग उन्हें बल्लेबाजी कोच के पद के लिए अपनी पहली पसंद मान रहे हैं।

### फिलहाल सीएसके और वेल्श फायर के साथ जुड़े हैं हसी

51 वर्षीय माइकल हसी इस समय द हंड्रेड में वेल्श फायर के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। इसके अलावा वह आईपीएल की पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच भी हैं। हालांकि, इंग्लैंड टीम के साथ जुड़ने को लेकर उन्होंने अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है।

### 15 साल पुराना है फ्लेमिंग-हसी का साथ

स्टीफन फ्लेमिंग और माइकल हसी की साझेदारी क्रिकेट जगत में काफी सफल रही है। दोनों ने 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए साथ खेला था। इसके बाद फ्लेमिंग मुख्य कोच बने और हसी बल्लेबाजी कोच के रूप में उनके साथ जुड़े। ऐसे में अब दोनों की यह सफल जोड़ी इंग्लैंड टेस्ट टीम में भी नजर आ सकती है।






### दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे से संभालेंगे जिम्मेदारी

पूर्व न्यूजीलैंड कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे से इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले 19 अगस्त से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में पूर्व इंग्लिश बल्लेबाज मार्कस ट्रेस्कोथिक अंतरिम मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के डेविड सेकर गेंदबाजी कोच बने रहेंगे।

### एरिक साइमंस भी हो सकते हैं इंग्लैंड के नए गेंदबाजी कोच

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि फ्लेमिंग भविष्य में दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी कोच एरिक साइमंस को इंग्लैंड टीम का गेंदबाजी कोच बनाने की कोशिश कर सकते हैं। सिमंस फिलहाल चेन्नई सुपर किंग्स में गेंदबाजी सलाहकार हैं और फ्लेमिंग के करीबी सहयोगियों में गिने जाते हैं। साइमंस इससे पहले भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम के साथ भी कोचिंग की जिम्मेदारी निभाई है।

# मनोरंजन

# रेमो डिसूजा की अगली एक्शन एंटरटेनर में टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगी नुसरत



अभिनेता टाइगर श्रॉफ और निर्देशक-कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा एक बार फिर एक हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर के लिए साथ आ रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की स्टारकास्ट में अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है और वो नाम है फैशन दीवा नुशरत भरुचा का, जो फिल्म में एक प्रमुख किरदार निभाती नजर आएंगी।

### पहली बार टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी नुसरत

फिल्म से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, निमाता ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थे जो अपने किरदार में मजबूती के साथ भावनात्मक गहराई भी ला सके और नुसरत भरुचा इस भूमिका के लिए उनकी पहली पसंद साबित हुईं। सूत्र ने बताया, "टीम ऐसे कलाकार की तलाश में थी जो कहानी में मजबूती और भावनात्मक गहराई दोनों ला सके। नुसरत शुरू से ही सबसे मजबूत विकल्पों में थीं। फिलहाल इस फिल्म में उनका किरदार बेहद प्रभावशाली है और दर्शक उन्हें बिल्कुल नए अंदाज में देखेंगे।"

हालांकि निमार्ताओं ने अभी तक उनके किरदार का खुलासा नहीं किया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि नुसरत की भूमिका कहानी का अहम हिस्सा होगी और वह पारंपरिक हीरोइन से कहीं आगे जाकर कहानी को नई दिशा देती नजर आएंगी।

यह पहली बार होगा जब टाइगर श्रॉफ और नुसरत भरुचा किसी फिल्म में साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। वहीं, टाइगर और रेमो डिसूजा लगभग एक दशक बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 2016 में रिलीज हुई सुपरहीरो फिल्म 'ए फ्लाइंग जट्ट' में साथ काम किया था।


'ए फ्लाइंग जट्ट' के बाद फिर साथ आए टाइगर और रेमो

टाइगर श्रॉफ और रेमो डिसूजा की पिछली फिल्म 'ए फ्लाइंग जट्ट' में टाइगर ने अमन ढिल्लों का किरदार निभाया था, जो एक रहस्यमयी घटना के बाद सुपरपावर्स हासिल कर सुपरहीरो बन जाता है और खलनायक राका से मुकाबला करता है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस, डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार नेथन जोन्स, के.के. मेनन, अमृता सिंह और गौरव पांडे जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में थे।

आने वाली इस फिल्म में टाइगर एक बार फिर दमदार एक्शन अवतार में नजर आएंगे, जबकि नुसरत का किरदार भी कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। फिलहाल फिल्म की बाकी स्टारकास्ट और रिलीज डेट को लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

टाइगर और नुसरत के आगामी प्रोजेक्ट्स

टाइगर श्रॉफ हाल ही में निर्देशक ए. हर्षा की फिल्म 'बागी 4' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त, हरनाज संधू, सोनम बाजवा और श्रेयस तलपड़े जैसे कलाकार भी थे। वहीं नुसरत भरुचा की हालिया रिलीज कॉमेडी-थ्रिलर 'उफ्फ ये सियापा' थी, जिसमें उन्होंने सोहम शाह के साथ स्क्रीन शेयर की थी। रेमो डिसूजा, टाइगर श्रॉफ और नुसरत भरुचा की यह नई साझेदारी दर्शकों के लिए एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव साबित हो सकती है। दमदार एक्शन, नई स्टारकास्ट और दिलचस्प कहानी के साथ यह फिल्म पहले से ही काफी चर्चा बटोर रही है।



# प्रियंका ने दिखाए अपने दो रूप, यूजर्स को आए पसंद; कहा, 'आप पर गर्व है'

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो शेयर करके फैंस को अपनी घरेलू जिंदगी की एक झलक दिखाई है। इस वीडियो में उनके 'मामा' (माँ) और 'मामासिटा' (बिंदास मां) दोनों ही रूप देखने को मिल रहे हैं। प्रियंका के इस वीडियो ने कई फैंस का दिल जीत लिया है।

### वीडियो में क्या खास है?

वीडियो की शुरूआत एक शांत और निजी पल के साथ होती है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती मैरी को देवी दुर्गा को समर्पित 'सर्व मंगल मांगल्ये' मंत्र सिखा रही हैं। मां और बेटी के बीच का यह प्यार भरा संवाद प्रियंका के उस 'ममा' वाले रूप को दिखाता है, जिसका जिक्र उन्होंने अपनी पोस्ट में किया है।

### प्रियंका का मामासिटा वाला रूप

क्लिप के दूसरे हिस्से में माहौल बदल जाता है। जहां 44 साल की एक्ट्रेस दोस्तों के साथ मस्ती भरे अंदाज में डांस करती दिख रही हैं और अपना 'मामासिटा' वाला रूप दिखा रही हैं। ये दोनों पल मिलकर प्रियंका की जिंदगी की एक ऐसी तस्वीर दिखाते हैं, जिसमें वह परिवार के साथ शांत समय बिताने और मस्ती भरे पलों के बीच संतुलन बनाए रखती हैं।

### यूजर्स को पसंद आया अंदाज

कई यूजर्स को प्रियंका का ये वीडियो खूब पसंद आया है। अभिनेत्री नेहा मलिक ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा 'क्यूट मामा, क्यूट मामासिटा।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'देसी गर्ल से देसी मां तक।' एक और यूजर ने लिखा 'आप पर गर्व है। आप प्रेरणा हैं।' एक और यूजर ने लिखा है 'आप दोनों रूपों में कमाल लगती हैं।'

# पिता की सीख को सूरत ब्रदर्स ने बनाया तरक्की की 'दवा'

## शहर का इकलौता मेडिकल स्टोर जहां मिलती है हर पैथी की दवा

उत्तम उद्यमी

### चार दशक से ज्यादा पुरानी दुकान तीन भाइयों की अनोखी कहानी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

न्यू आगरा से दयालबाग की ओर जाने पर बांयी हाथ पर एक पुरानी दुकान है। धुंधले बोर्ड पर लिखा है सूरत ब्रदर्स। चकाचौंध से दूर इस दुकान पर पुराने फर्नीचर में सजी होंगी दवाएं। देखने में ये सामान्य मेडिकल स्टोर भले ही लगे, लेकिन जो इस दुकान के बारे में जानते हैं वो मानते हैं कि ये पहचान यूं ही नहीं मिल जाती। इसके पीछे कड़ा संघर्ष, सूझबूझ, धैर्य, पारदर्शिता के साथ संवेदनाएं भी हैं। दरअसल, ये एक पिता की सीख को तरक्की की 'दवा' बनाने की गाथा है।

इस दुकान का सफर करीब चाढ़े चार दशक पहले डा. हर्षद राय ब्रहमभट्ट ने शुरू किया था।उनके बेटे डा. आशीष ब्रहमभट्ट बताते हैं कि तब दयालबाग से लेकर राजामंडी तक दवा की सिर्फ दो ही दुकानें हुआ करती थीं। एक हमारी और दूसरी राजामंडी बाजार में। पिता जी ने हमेशा से ही एक सिद्धांत बनाया था कि दवा की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। कीमत भी जेन्यून ही लेंगे। डा. आशीष बताते हैं कि उन्होंने संघर्ष किया और सिखाया भी। वे कहा करते थे कि ईजी तरीके से इनकम नहीं करना। कदम-कदम बढ़ाना तभी स्थायी सफलता मिलती है। आज भी हम उन्हीं की सीख का अनुपालन कर रहे हैं।

### सूरत ब्रदर्स नाम कैसे रखा

डा. आशीष बताते हैं कि हमारा परिवार राधास्वामी मत अनुयायी है। इस मत में आत्मा के लिए सुरत शब्द प्रयोग करते हैं। दूसरा हमारे सबसे बड़े भाई का नाम सूरत प्रकाश ब्रहमभटट है। तीसरा सूरत ब्रदर्स में हम तीनों भाई का भी समावेश है। हम तीनों भाइयों के आपसी समन्वय से सूरत ब्रदर्स दवा बाजार में एक विशेष पहचान बनी हुई है। डा. आशीष के अनुसार, वे बताते हैं कि हमारी दुकान शहर की इकलौती है जहां पर एलोपैथी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथी की दवा मिलती है। इसका संचालन हम तीनों भाई सूरत प्रकाश, डा. आशीष, राजेंद्र कुमार आपसी सामंजस्य से करते हैं। हमने अपनी-अपनी जिम्मेदारी निर्धारित कर रखी हैं।



डा. आशीष ब्रहमभट्ट

### इस गुडविल का आधार क्या है

डा. आशीष कहते हैं कि हमने शुरूआत से ही दवा की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा। गुणवत्तापरक दवा के स्टाकिस्ट से ही हम माल लाते हैं। ब्रांडेड कंपनी का। तीनों पैथी की नामी कंपनियों की दवाएं हमारे यहां मिलती हैं। कीमत भी बहुत ही जेन्यून होती है। हमने कभी भी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया। दवा न होने पर ग्राहक को लौटाना मंजूर किया लेकिन, पैसे की कमाई के लिए घटिया दवा कभी नहीं बेची।

### हक के लिए आवाज भी उठाते हैं

डा. आशीष ने बताया कि पहले स्टाकिस्ट और रिटेल व्यापारियों का एक ही संगठन हुआ करता था। इस एसोसियेशन का लंबे समय तक अध्यक्ष रहा। दवा व्यापारियों के हक की आवाज उठाई। बीच में परिस्थितियां बदलीं। रिटेल कारोबारियों को लगा कि अपने हक के लिए अलग संगठन जरूरी है। इसलिए आगरा रिटेल एसोसियेशन का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष डा. आशीष बनाए गए। डा. आशीष बताते हैं कि पूरे प्रदेश में ये दूसरे नंबर का सबसे बड़ा संगठन है जिसकी सदस्य संख्या 1400 है। सबसे बड़ा संगठन लखनऊ का है। हम ग्राहकों का भी पूरा ध्यान रखते हैं। पिछले दिनों दवा बाजार ने हडताल का ऐलान किया था लेकिन, हमारे संगठन ने मरीज हित में इस आहवान से अपने आपको अलग रखा था।

नोट- यदि आप भी व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े हैं और अपने पुरुषार्थ से समाज और व्यवसाय को एक नई दिशा प्रदान की है तो अपने इस अद्भुत संघर्ष और सफलता की पूरी कहानी हमें 9412359817 पर व्हाट्सअप करें।